


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 16 अंक - 321 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 03 सितंबर 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन में शामिल जवानों को किया सम्मानित

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा भी रहे शामिल, अमित शाह ने जवानों से संवाद भी किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नईदिल्ली/रायपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और कोबरा के जवानों से भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' में वीर जवानों द्वारा शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सुरक्षाबलों के जवानों को हृदय से बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान के इतिहास में 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

### सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले के साथ अभियान को सफल बनाया

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएं या समाप्त न हो जाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले के साथ अभियान को सफल बनाकर नक्सलियों का बेस कैंप समाप्त किया। उन्होंने कहा कि कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर बने नक्सलियों के मैटीरियल डंप और सप्लाई चेन को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने पराक्रम से नष्ट कर दिया।

### 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलवाद से कर देंगे मुक्त

केन्द्रीय गृहमत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों ने देश के सबसे कम विकसित क्षेत्रों को बहुत नुकसान पहुँचाया है, स्कूल और अस्पताल बंद कर दिए और सरकारी योजनाओं को स्थानीय लोगों तक नहीं पहुँचने दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों के कारण पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक के क्षेत्र में साढ़े 6 करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है। श्री शाह ने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों में गंभीर शारीरिक क्षति उठाने वाले सुरक्षाबलों के जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए मोदी सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प है कि हम 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर देंगे।

## सीएम साय ने नक्सल उन्मूलन अभियान व बस्तर में राहत कार्यों की दी जानकारी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन अभियान एवं विकास कार्यों से संबंधित जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि दिसंबर 2023 से अब तक सुरक्षा बलों की आक्रामक रणनीति के परिणामस्वरूप 453 माओवादी न्यूट्रलाइज हुए हैं, 1616 गिरफ्तार किए गए हैं और 1666 ने आत्मसमर्पण किया है। इस अवधि में 65 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं। सड़क, पुल-पुलिया और मोबाइल नेटवर्क जैसी आधारभूत सुविधाओं का भी तेजी से विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री साय ने बस्तर में आई बाढ़ और चल रहे राहत कार्यों की जानकारी भी केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह को दी। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवार



तक मदद पहुंचाना और उनका पुनर्वास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बस्तर में नक्सल उन्मूलन के साथ ही विकास और शांति की स्थापना के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## खास-खबर



### रायपुर में तीन कारोबारियों के ठिकानों पर ईडी रेड, भिलाई में भी दबिश, खंगाल रहे दस्तावेज

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने रायपुर में 3 कृषि कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी है। शंकर नगर स्थित खाद कारोबारी विनय गर्ग के घर छापा पड़ा है। फर्टिलाइजर से जुड़ा इनका कारोबार है। वहीं लॉ विस्टा कॉलोनी में दो कारोबारियों के घर जांच चल रही है। कृषि उपकरण और पेस्टिसाइड्स सप्लायर पवन पोद्दार और सतपाल छाबड़ा के घर अफसर दस्तावेज खंगाल रहे हैं। इसके अलावा दुर्ग-भिलाई में भी दबिश दी गई है। ईडी की कार्रवाई डीएमएफघोटाले से जुड़ी है।

इसी प्रकार भिलाई-3 के वसुंधरा नगर और शांति नगर क्षेत्र में छापा पड़ा है। वसुंधरा नगर में अन्ना एग्रो टेक प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर और ठिकानों पर छापेमारी चल रही है। यह कंपनी कृषि उपकरणों की सप्लाई करने का काम करती है। यहां 6 से अधिक अधिकारी मौजूद हैं, जो कंपनी के वित्तीय लेन-देन और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। दूसरी टीम भिलाई के शांति नगर में चार्टर्ड अकाउंटेंट आदित्य दीनोदिया अग्रवाल के निवास पहुंची है। आदित्य अग्रवाल का ऑफिस रायपुर में है, लेकिन उनकी भिलाई स्थित कोठी पर ईडी की दो अधिकारियों की टीम पहुंची है। यहां परिजनों से पूछताछ की जा रही है और घर के अंदर मौजूद दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

### सुकमा में 20 नक्सलियों का सरेंडर, 9 महिला 11 पुरुष नक्सली शामिल, 33 लाख का था इनाम

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें 9 महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में एक हाईकोर महिला नक्सली भी है। इन नक्सलियों पर कुल 33 लाख रुपए का इनाम घोषित था।



सुकमा पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली अलग-अलग संगठनों और पदों से जुड़े थे। इनमें पार्टी सदस्य, संगठन के सक्रिय सदस्य और अन्य सहयोगी शामिल हैं। यह कदम छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति और निरंतर नैला नार अभियान से प्रभावित होकर उठाया गया है। इस अभियान में डीआरजी, सीआरपीएफ की कई बटालियन, कोबरा और इंटेलिजेंस विंग की विशेष भूमिका रही। आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की नई नीति पुनर्वास नीति 2025 के तहत 50-50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सुकमा पुलिस ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत यह एक बड़ी सफलता है। छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के कारण नक्सली हिंसा छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड रहे हैं।

# बंगाल में बने सिस्टम से छत्तीसगढ़ में 2-दिन भारी बारिश बलरामपुर में बांध टूटने से 4 घर बहे, 2 लोगों की मौत

■ **मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के 9 जिलों के लिए जारी किया अलर्ट**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया के कारण छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्यभर में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं, कुछ स्थानों पर भारी और एक-दो जगहों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। गरज चमक के साथ बिजली गिर सकती है।

मौसम विभाग ने आज यानी बुधवार के लिए कांकेर, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी इन 4 जिलों में भारी



बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बालोद, नारायणपुर, बीजापुर, बालोद, कबीरधाम इन पांच जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

बलरामपुर में लगातार बारिश से जिले के तातापानी से लगे लुत्तीसढ़सा में मंगलवार रात करीब 11 बजे पुराना बांध बह गया। बांध के बहने से निचले इलाके के चार घर के 8 लोग बह गए। इनमें से दो की डेड बाडी मिल गई है। बाढ़ में बहे 6 अन्य लोगों का पता नहीं चल सका है। मौके पर देर रात से रेस्क्यू टीम के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं।

### पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई हिस्सों में हुई भारी बारिश

पिछले 24 घंटों में प्रदेश में सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभागों के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। वहीं, बस्तर संभाग में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री राजनांदगांव में दर्ज किया गया।

# हेलमेट उपयोग को लेकर कलेक्टर की गाइडलाइन, पंप संचालकों ने कहा- प्रशासन से समन्वय कर करेंगे लागू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग भिलाई के पेट्रोलपंपों में बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने का नियम लागू हो गया है। इसकी समीक्षा के लिए मंगलवार को कलेक्टर सभागार में पंप संचालकों की बैठक हुई जिसमें कलेक्टर गाइडलाइन की जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर दुर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए प्रतिवेदन के आधार पर पेट्रोल पंप संचालकों के लिए जारी दिशा निर्देश के संबंध में चर्चा की गई। पंप सचालकों ने कहा कि प्रशासन से समन्वय कर इसे लागू किया जाएगा।

बैठक के दौरान एडीएम अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सभी को आवश्यक दिशा निर्देश



जारी किए गए हैं जिसे लागू करने की आवश्यकता है, जिससे कि सभी लोग सुरक्षित रहें, बिना हेलमेट के वाहन चलाने से दुर्घटना होने पर सिर में गंभीर चोट लग सकती है, हेलमेट लगाने से बचा जा सकता है। संचालकों को बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने आह्वान किया।

एएसपी शहर सुखनंदन राठौर ने कहा कि सबके समन्वित प्रयास से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है, साथ ही सीसीटीवी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सुरक्षित वातावरण तैयार करने में सहयोग करें। जिला खाद्य अधिकारी अनुराग भदौरिया ने बताया कि निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। संचालकों द्वारा अपनी समस्याएं बताते हुए लागू करने में सहमति प्रदान की। जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथी पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर प्रदाय किए गए। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल नजदीकी थाने एवं पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

# छत्तीसगढ़ के जशपुर में बड़ा हादसा : गणेश विसर्जन जुलूस में दौड़ी तेज रफ्तार बुलेरो

■ **बगीचा थाना क्षेत्र का मामला, तीन की मौत और 25 से ज्यादा घायल**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में गणपति विसर्जन जुलूस में तेज रफ्तार बुलेरो ने कहर बरफाया। जिले के बगीचा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुरुडांड में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान मंगलवार देर रात लगभग 10:30 बजे तेज रफ्तार बुलेरो जुलूस में घुस गई और लोगों को रौंदते हुए निकली। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और वहीं कई घायल हो गए हैं। मौके पर लोगों ने बुलेरो चालक की जमकरा धुनाई की जबकि बुलेरो सवार अन्य वहां से भाग गए। पुलिस ने चालक और बोलेरो को अपने कब्जे में ले लिया है और अन्य सवारों की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बोलेरो की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि उससे ठकराकर कई लोगों को हवा में उछल गए। बताया जा रहा है कि बुलेरो सवार अंबिकापुर से निकले थे और कुनकुरी की ओर जा रहे थे। हादसे में अरविंद (19) पिता तोबियस केरकेट्टा, विपिन कुमार प्रजापति (17) पिता देवनारायण व खिरोवती यादव (32) पत्नी हरीश यादव की मौत हो गई है। वहीं फक्रीर यादव, नीलू यादव, निरंजन राम, संदीप यादव, नारायण, देवंती, गुलापी बाई, याहूसु लकड़ा, संतोष प्रजापति, हेमंत यादव, उमा यादव, भुवनेश्वरी यादव, चंदा बाई, पिंकी, लीलावती प्रजापति, डमरूधर यादव, गायत्री यादव, आरती यादव, परमानंद यादव, अभिमन्यु, हेमानंद और बोलेरो चालक सुखसागर सहित 25 से ज्यादा लोग घायनल हो गए हैं। सभी घायलों को बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### जशपुर विधायक, कलेक्टर व एसएसपी पहुंचे घटना स्थल

हादसे की सूचना के बाद जशपुर विधायक रायमुनि भगत देर रात अस्पताल पहुंचीं और घायलों व परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं कलेक्टर रोहित व्यास और एसएसपी शशिमोहन सिंह भी मौके पर पहुंचे। कलेक्टर ने बताया कि मेडिकल टीम



के साथ नायब तहसीलदार को अंबिकापुर भेजा गया है ताकि घायलों को हर जरूरी सुविधा मिल सके। हादसे को लेकर एसएसपी शशिमोहन सिंह ने कहा है कि हादसे के तुरंत बाद बोलेरो और चालक को पकड़ लिया गया है। फिलहाल प्रकरण की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हंसने की जगह, रोने की जगह

श्रीकंचनपथ




ये कहां आ गए हम, यूं ही साथ-साथ चलते..., फिल्म सिलसिला का यह गीत आज यूं ही बरबस याद आ गया। विकास की डगर पर आगे बढ़ते-बढ़ते इंसान अब एक ऐसे मोड़ पर आ पहुंचा है जहां वह एकदम अकेला रह गया है। उसे हंसने और रोने के लिए अलग-अलग स्थानों का रुख करना पड़ रहा है। और तो और हंसने और रोने के लिए भी पैसे देने पड़ रहे हैं। दोनों ही जुगाड़ बराबर लोकप्रिय भी हैं। हंसने के लिए लोग सुबह-सुबह पार्क में इकट्ठा होते हैं। एक गोल घेरा बनाकर खड़े होते हैं और फिर बिना किसी बात के आसमान की ओर हाथ उठाकर ठहाके लगाते हैं। इसे लॉफिंग क्लब भी कहा जाता है। कहते हैं कि इससे आक्सिटोसिन और एंडोर्फिन जैसे हार्मोन निःसृत होते हैं। जापान के बाद अब मुंबई में भी 'द क्राई क्लब' खुल गया है। लोग यहां रोने आते हैं। इसके पैसे भी लगते हैं। यहां हल्के संगीत के बीच अंजान लोगों से मुलाकात होती है। लोग इन लोगों के साथ अपना दुःख-दर्द साझा करते हैं और गले लगकर रोते भी हैं। आंसू पोंछने के लिए टिशू भी क्लब की तरफ से दिया जाता है। दरअसल, आगे बढ़ने की गलत धारणा ने लोगों की यह दुर्गति की है। परिवार के चार लोग भी एक साथ खुलकर अपनी बातें साझा नहीं कर पाते। बात-बात पर जज करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसलिए भी लोग अपने ठगे जाने का, दिल टूटने का, अपनी मुश्किलों का किसी के आगे जिक्र नहीं कर पाते। अधिकांश लोग आज फ्रस्ट्रेशन और डिप्रेशन लेकर घूम रहे हैं। वजह - परिवार का बोध खत्म हो रहा है। एक दूसरे के साथ एक घर में रहने वाले लोग केवल निर्भरता से बंधे हुए हैं। आत्मीयता का लोप हो चुका है। यह तो होना ही था। ऐसी जिन्दगी के लिए भारतीय परम्परा ने कभी हमें तैयार जो नहीं किया था। दरअसल, भारतीय जीवन पद्धति में परिवार का बोध थोड़ा व्यापक है। यह मियां-बीवी और बच्चे से आगे तक जाता है। इसमें जीवन के अलग-अलग कालखंडों को बड़े सुन्दर ढंग से व्यवस्थित किया गया है। बचपन प्यार और दुलार पाने, किशोरावस्था रिश्तों को समझने, यौवन परिश्रम करने और बुढ़ापा आराम करने के लिए होता था। अब लोग दूसरी और तीसरी पारी खेलने के चक्कर में पड़ गए हैं। हंसना-रोना सबकुछ व्यक्तिगत हो गया है। भारतीय परिवारों में रोने के लिए माता-पिता या भाई बहन का कंधा मिले न मिले, रिश्तेदारों के कंधे हमेशा उपलब्ध थे। बुढ़ापा बेटा-बहू, नाती-पोतों के साथ हंसी खुशी बीतता था। साल भर लगे रहने वाले तीज त्यौहार विस्तृत परिवार के संगम का भी बहाना होता। बच्चे चचेरे, ममेरे, फुफेरे भाई बहनों के साथ मिलकर न केवल बांटकर खाना सीखते बल्कि हम उम्र टोली के रूप में एक दूसरे का सपोर्ट सिस्टम भी बन जाते। हर किसी के पास अपना कृष्ण और अपना सुदामा होता। हर किसी के पास अपना राजदार होता।



संपादकीय

# भारत की आत्मा से जुड़ी भाषा उर्दू

**इधर देखने में आ रहा है कि अपने को उर्दू का सबसे बड़ा प्रवक्ता बताने वाले कुछ विद्वान कहते मिल जाते हैं कि अब भारत में उर्दू का कोई मुस्तकबिल (भविष्य) नहीं है। क्या इस तरह की कोई बात है? कतई नहीं। बीते दिनों पटना में भारत में उर्दू इतिहास, वर्तमान और भविष्य पर चर्चा हुई। निष्कर्ष यह निकला कि उर्दू का भारत में रोशन भविष्य है। यह एक भाषा होने के साथ-साथ, तहजीब, परंपरा और प्यार की भाषा भी है, जो भारत की कोख से जन्मी है, और हर भारतीय भाषा, क्षेत्र, समाज, धर्म और संस्कृति की सुगंध शामिल है इसमें।**

> **यह भारत की आत्मा से जुड़ी भाषा है। यह विकसित भारत की भाषा है। अगर बात हिन्दी और उर्दू के संबंधों की करें तो हिन्दी और उर्दू, दोनों ही हिन्दुस्तानी भाषा की दो प्रमुख शाखाएं हैं। दोनों व्याकरणिक संरचना और मूल शब्दावली में लगभग समान हैं, लेकिन लिपि, शब्दावली का चयन और सांस्कृतिक प्रभावों के कारण अलग-अलग पहचान रखती हैं। सिनेमा और मीडिया में भी दोनों भाषाएं एक-दूसरे की पूरक के रूप में दिखाई देती हैं, जैसे बॉलीवुड फिल्मों में हिन्दी-उर्दू का मिश्रित प्रयोग। हालांकि, राजनीतिक और सांप्रदायिक कारणों ने इन भाषाओं को अलग करने की कोशिश की, फिर भी इनके साझा मूल और सांस्कृतिक विरासत ने इन्हें एक-दूसरे से जोड़े रखा।**

हिन्दी और उर्दू का यह अनोखा रिश्ता भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक विविधता और एकता का प्रतीक है। उर्दू के साथ नाइंसाफी यह हुई कि इसे मुसलमानों की भाषा समझ लिया गया। विभाजन और पाकिस्तान बनने का जिम्मेदार तक समझ लिया गया, जो गलत है। उर्दू के गैर-मुस्लिम लेखकों और शायरों की भी कोई कमी नहीं है। इनमें फिराक गोरखपुरी, कृष्ण चंदर, मोहिंदर सिंह बेदी, राजेंद्र सिंह बेदी, जगन्नाथ आजाद, कृष्ण बिहारी नूर, गोपी चंद नारंग शामिल हैं। क्या केंद्र की मौजूदा सरकार देश में उर्दू के हक में काम कर रही है? इस बारे में सहमति थी कि मोदी सरकार ने उर्दू से जुड़ी संस्थाओं और संस्थानों को अपने राष्ट्र विकास मंत्र, 'सब का साथ, सब का विकास, सब का विश्वासऔर सब का प्रयास' से जोड़ा है जिसका जीता जगता उदाहरण नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज का पटना में अंतरराष्ट्रीय स्तर का त्रि-दिवसीय समागम-उर्दू भाषा का भविष्य, विकसित भारत 2047-था।

देखिए, उर्दू भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अनमोल रत्न है, जो इस देश की मिट्टी से उपजी है और इसके लोगों के दिलों में बसी है। यह भाषा न केवल शब्दों का समूह है, बल्कि ऐसी सांस्कृतिक धारा भी है जो विभिन्न समुदायों को प्रेम और भाईचारे के सूत्र में बांधती है। उर्दू की मधुरता, शायरी, गजलें और कविताएं भारतीय साहित्य और कला को अनूठा आयाम प्रदान करती हैं। यह भाषा भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है, जो हिन्दू-मुस्लिम एकता और सौहार्द का संदेश देती है।

उर्दू का जन्म भारत की मिट्टी में हुआ, और यह संस्कृत, प्राकृत, फारसी, अरबी और तुर्की जैसी भाषाओं के मेल से विकसित हुई। इसकी उत्पत्ति दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों में हुई, जहां इसे 'हिन्दवी' या 'देहलवी' के रूप में जाना जाता था। समय के साथ, उर्दू ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई और आज भारत की प्रमुख भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है। भारत के संविधान में उर्दू को 22 अनुसूचित भाषाओं में शामिल किया गया है, जो इसकी महत्ता को दर्शाता है।

उर्दू की सबसे बड़ी खूबसूरती इसकी समावेशी प्रकृति में निहित है। उर्दू ने हमेशा से सभी को गले लगाया है, और इसे हिन्दुस्तान के हर कोने में प्रेम मिला है। चाहे उत्तर प्रदेश की गलियों में गूंजती गजलें हों, हैदराबाद की दक्कनी उर्दू हो, या कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के साहित्यिक समारोह हों, उर्दू हर जगह अपनी छाप छोड़ती है। इसकी शायरी और साहित्य में वह जादू है, जो सुनने वाले को भावनाओं के सागर में डुबो देता है।

मिर्जा गालिब, दाग देहलवी, मीर तकी मीर और फैज अहमद फैज जैसे शायरों ने उर्दू को ऐसी ऊंचाई दी, जो विश्व साहित्य में बेमिसाल है। उर्दू को बढ़ावा देने के लिए भारत में कई संस्थान और संगठन काम कर रहे हैं। उर्दू अकादमियां, साहित्यिक समारोह और स्कूलों में उर्दू की पढ़ाई इस भाषा को जीवित और समृद्ध रखने में योगदान दे रही हैं। ईमानदारी की बात तो यह है कि जहां-जहां कोई उर्दू बोलता है, वहां-वहां हिन्दुस्तान बोलता है। राजा राम मोहन रॉय, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा, मुरली मनोहर जोशी आदि सभी मदरसों के छात्र रहे हैं। उर्दू ने विकसित और सुरक्षित भारत के लिए 'चमन', 'गुलजार', 'गुलशन', 'बाग-ओ-बहार', 'गुल-ए-बहार' आदि शब्दों का प्रयोग किया है। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि उर्दू का वर्तमान और भविष्य रोशन है। हां, अब उर्दू के दोस्तों और दुश्मनों की पहचान करना लाजिमी है।

# आदि कर्मयोगी अभियान: विकसित भारत में सशक्त होगा जनजातीय समाज

डॉ. ओम डहरिया, हा. जनसंपर्क अधिकारी

**रायपुर।** देश की आजादी के बाद यह पहला अवसर है जब किसी सरकार ने जनजातीय समाज के जीवन स्तर को उपर उठाने के लिए देशव्यापी अभियान छेड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार जैसे मूलभुत सुविधाओं से जोड़ने और इनका लाभ दिलाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत की है। यह अभियान देशभर के 30 राज्यों में संचालित किया जा रहा है। यह अभियान देश भर के 550 से ज्यादा जिलों और 1 लाख से अधिक आदिवासी बहुल गांवों में बदलाव के लिए काम करेगी।



बता दें कि जब भारत 2047 में अपनी आज़ादी के 100 वर्ष पूरा करेगा। उस समय तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए यह जरूरी है कि समाज का कोई भी वर्ग पीछे न छूटे। आदिवासी समाज को आगे बढ़ाए बिना यह सपना अधूरा रहेगा। आदि कर्मयोगी अभियान इस अंतर को भरने के लिए एक ठोस कदम है। यह अभियान शासन और समाज के बीच की दूरी को कम करेगा, पारदर्शिता लाएगा और योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अभियान को सेवा पर्व का रूप दिया है। उनका कहना है कि यह केवल योजनाओं की जानकारी देने का प्रयास नहीं, बल्कि समाज और शासन को जोड़ने वाला पुल है। छत्तीसगढ़ में इस अभियान के लिए वृहद स्तर पर आदिकर्म योगियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये कर्मयोगी जनजातीय परिवारों से घर-घर संपर्क कर उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों को समझेंगे तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करेंगे, राज्य और जिला स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। राज्य सरकार के सभी विभागों के अधिकारी इस कार्य में संवेदनशीलता के साथ सीधे जुड़ेंगे।

आदिकर्मयोगी अभियान का महत्व राष्ट्रीय स्तर पर इसलिए भी है क्योंकि भारत की जनजातीय आबादी लगभग 10 करोड़ से अधिक है। इतने बड़े समुदाय को मुख्यधारा में लाए बिना 2047 तक विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा। यह अभियान प्रधानमंत्री की उस सोच से जुड़ा है, जिसमें हर क्षेत्र, हर समाज और हर नागरिक को विकसित भारत की यात्रा में समान अवसर देना है। भारत का विकास केवल शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह सकता। एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र वही कहलाएगा, जहाँ समाज के हर तबके को समान अवसर मिले और उसकी संस्कृति को उचित सम्मान दिया जाए। इसी सोच को मूर्त रूप 'आदि कर्मयोगी अभियान' के जरिए दिया जा रहा है। यह वस्तुत: जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है।

छत्तीसगढ़ देश का वह राज्य है जहाँ सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या निवास करती है। इसीलिए इस अभियान का यहां विशेष महत्व है। आदिवासी समाज की असली चुनौती यही रही है कि अनेक योजनाएँ होते हुए भी उनकी जानकारी और लाभ जरूरतमंदों तक समय पर नहीं पहुँच पाते। ऐसे में लाखों कर्मयोगी स्वयंसेवक योजना और समाज के बीच सेतु बन सकेंगे। यह अभियान राज्य के 28 जिलों और 138 विकासखंडों के 6 हजार 650 गांवों में 1 लाख 33 हजार से अधिक वालंटियर्स तैयार करने का लक्ष्य रखा है। छत्तीसगढ़ में यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य में ग्राम पंचायत स्तर पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा।

आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम में अधिकारियों को पंचायतों में आदि सेवा केंद्र स्थापित करने और जनजातीय परिवारों को पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, छात्रवृत्ति, रोजगार, कौशल विकास जैसी सुविधाओं के लिए मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि इस अभियान को सेवा पर्व के रूप में मनाया जाए और जनजातीय योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का ठोस प्रयास किया जाए।

आदि कर्मयोगी अभियान के पीछे एक गहरी सामाजिक सोच है। जब कोई स्थानीय युवा, महिला या स्वयंसेवक अपने ही गाँव में जाकर योजनाओं की जानकारी देता है, तो लोग उस पर भरोसा करते हैं और यह विश्वास ही बदलाव की असली ताकत है। अभियान का असर शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर आजीविका तक हर क्षेत्र में दिखेगा। जब एक वालंटियर किसी परिवार को यह बताता है कि उनकी बेटी को छात्रवृत्ति मिल सकती है, या बुजुर्ग को पेंशन का हक है, तो यह केवल सूचना नहीं होती, बल्कि उस परिवार की जिंदगी बदलने वाला अवसर होता है।

# चीन-भारत के मिठास भरे संबंधों से नई विश्व संरचना संभव

ललित गर्ग

**भारत-चीन दोनों ही विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विशाल जनसंख्या वाले देश हैं। ऐसे में यदि दोनों साथ आते हैं तो न केवल आपसी विकास संभव है, बल्कि वैश्विक संतुलन और शांति की दिशा में भी बड़ा योगदान होगा। शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बातचीत पर अगर दुनिया भर की नजरें टिकी थीं तो यह उद्देश्यपूर्ण एवं वजहपूर्ण थी, क्योंकि बदलती दुनिया में हाथी और ड्रैगन का साथ-साथ चलना जरूरी हो गया है। दोनों शीर्ष नेताओं की सौहार्दपूर्ण बातचीत ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ते सामंजस्य की प्रक्रिया को मजबूती दी है बल्कि कई तरह की अनिश्चितताओं के बीच विश्व अर्थ-व्यवस्था के लिए भी नई संभावनाएं पैदा की हैं, चीन में दिखे दोनों देशों के मिठासभरे संबंध अनेक नई आशाओं एवं उम्मीदों को नया आकाश देने वाले बनते हुए प्रतीत हुए हैं। दोनों देशों के रिश्तों में लंबे समय बाद सकारात्मकता की नई हवा बहती दिखाई दे रही है। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात ने संकेत दिया है कि दोनों देश पुराने मतभेदों और अविश्वास को पीछे छोड़कर साझेदारी की नई इबारत लिखना चाहते हैं। यह मुलाकात केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं थी, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में सहयोग और संवाद की अपरिहार्यता को स्वीकार करने का प्रयास थी।**



भारत-चीन दोनों ही विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विशाल जनसंख्या वाले देश हैं। ऐसे में यदि दोनों साथ आते हैं तो न केवल आपसी विकास संभव है, बल्कि वैश्विक संतुलन और शांति की दिशा में भी बड़ा योगदान होगा। हालांकि सीमाई विवाद और विश्वास की कमी जैसे मुद्दे अब भी बने हुए हैं, परंतु यदि इन्हें परे रखकर साझा आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सहयोग को प्राथमिकता दी जाए तो यह संबंध नई ऊँचाइयों को छू सकते हैं। भारत और चीन के बीच यह संवाद केवल दो देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबदबे के बीच एशियाई शक्ति संतुलन को नई दिशा दे सकता है। यदि दोनों राष्ट्र व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाकर आपसी हितों पर ध्यान केंद्रित करें तो न केवल तनाव कम होंगे, बल्कि विश्व राजनीति में एशिया की भूमिका भी मजबूत होगी। निश्चित ही लंबे समय से चली आ रही आपसी अविश्वास की दीवारों और तनाव की बर्फको पिघलाने का प्रयास हुआ है।

सबसे पहले, इन वार्ताओं ने यह संकेत दिया है कि भारत और चीन अब केवल मतभेदों में उलझे रहने के बजाय साझेदारी की संभावनाओं पर ध्यान दे रहे हैं। व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग की दिशा में नए आयाम खुल सकते हैं। चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और यदि यह संबंध संतुलन और पारस्परिक विश्वास पर आधारित हो जाए, तो दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को अपार गति मिल सकती है। इस मुलाकात ने अमेरिका की दादागिरी पर भी चोट की है। डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक आर्थिक नीतियां और संरक्षणवादी रुख एशिया के उभरते राष्ट्रों को नई गठबंधन राजनीति की ओर धकेल रहा है। भारत-चीन के बीच बढ़ती समझदारी और रूस की भूमिका के साथ एक त्रिकोणीय शक्ति का उभार संभव है, जो पश्चिमी वर्चस्व को चुनौती देगा। यह न केवल शक्ति-संतुलन की नई धुरी बनेगा, बल्कि विश्व शांति और सौहार्द की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। पाकिस्तान पर भी इसका असर दिखना स्वाभाविक है। भारत-चीन की नजदीकी पाकिस्तान के लिए असुविधा का कारण बनेगी, क्योंकि उसकी विदेश नीति लंबे समय से चीन पर आश्रित रही है।

भारत-चीन संबंधों का यह नया अध्याय यदि संतुलित, यथार्थवादी और सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाया जाए तो एशिया ही नहीं, पूरे विश्व की राजनीति में एक स्थिरता और संतुलन स्थापित हो सकता है। यह विश्व को बहुध्रुवीय बनाने की दिशा में ठोस कदम होगा। लेकिन, इन सकारात्मक संकेतों के बावजूद भारत को सावधानी बरतनी होगी। इतिहास गवाह है कि चीन के साथ हर मित्रवत वार्ता के पीछे उसका रणनीतिक हित गहराई से काम करता है। डोकलाम, गलवान और सीमाई विवाद आज भी अधर में हैं। चीन की आर्थिक नीतियों और विस्तारवादी प्रवृत्ति को अनदेखा करना भारत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसलिए यह साझेदारी अवसर तो है, लेकिन चुनौती भी। भारत को यह ध्यान रखना होगा कि व्यापारिक रिश्तों और राजनीतिक साझेदारी में आत्मनिर्भरता और सुरक्षा सर्वोपरि रहे। भारत को हर स्थिति में अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और रणनीतिक हितों के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहिए। भले ही शंघाई सहयोग संगठन में आतंकवाद से लड़ना भी शामिल हो, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि चीन ने इस मुद्दे पर किस तरह भारतीय हितों के खिलाफ काम किया है। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिन्दूर के समय चीन की भूमिका को ओझल नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके चीन भारत की निकटता वक्त की जरूरत है।

2020 में हुई गलवान घाटी की झड़प के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी का पहला चीन दौरा है। जाहिर है, दोनों देशों के रिश्तों के मद्देनजर यह सवाल महत्वपूर्ण था कि इस बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच बनी सहमति कितनी दूर तक जाती है। लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ घोषणाओं से जो असामान्य हालात पैदा हुए हैं, उसने दोनों नेताओं की बातचीत की अहमियत को और बढ़ा दिया। अमेरिका एवं चीन, अमेरिका एवं भारत के नये बने तनावपूर्ण माहौल में हुई मोदी और शी की इस बातचीत ने कई स्तरों पर पॉजिटिव संकेत दिए हैं। खासकर प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना अर्थपूर्ण है कि भारत और चीन दोनों ही देश सामरिक स्वायत्तता रखते हैं और इनके आपसी रिश्तों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। ध्यान रहे, ट्रंप ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, उसके लिए एक तीसरे देश रूस के साथ भारत के रिश्तों को ही आधार बनाया गया है। इस बयान के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने यह परोक्ष संकेत दिया है कि सामरिक स्वायत्तता का सम्मान करते हुए ही द्विपक्षीय रिश्ते फल-फूल सकते हैं। इस तरह प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात न केवल द्विपक्षीय रिश्तों को पुनर्परिभाषित करती है, बल्कि वैश्विक राजनीति पर भी गहरा असर डाल रही है। इस वार्ता को महज़ दो पड़ोसी देशों का संवाद मानना भूल होगी; यह इक्कीसवीं सदी के बदलते शक्ति समीकरणों का प्रतीक है, यह एक नये शक्ति का अभ्युदय दुनिया में संतुलन एवं शांति का सशक्त माध्यम बनेगा।

भारत, चीन और रूस के बीच बढ़ती नजदीकी वैश्विक शक्ति-संतुलन के नए युग की आहट देती है। यदि यह त्रिकोणीय शक्ति प्रभावी रूप से उभरती है, तो न केवल एशिया की आर्थिकी और सुरक्षा संरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि विश्व में बहुध्रुवीयता की वास्तविक नींव भी रखी जाएगी। ऊर्जा, रक्षा, तकनीक और व्यापार जैसे क्षेत्रों में तीनों देशों का सहयोग पश्चिमी देशों की एकाधिकारवादी प्रवृत्ति को चुनौती देगा। खासकर रूस की सामरिक मजबूती, चीन की आर्थिक शक्ति और भारत का जनतांत्रिक एवं नैतिक प्रभाव मिलकर ऐसी नई धुरी रच सकते हैं, जो केवल शक्ति का संतुलन ही नहीं बल्कि शांति और सह-अस्तित्व की भी नई परिभाषा प्रस्तुत करेगी।

दूसरी ओर, यह उभरता हुआ शक्ति-संतुलन अमेरिका की दादागिरी के लिए एक सीधी चुनौती है। डोनाल्ड ट्रंप की विदेश नीति संरक्षणवाद, दबाव और व्यापार युद्ध की रणनीति पर टिकी रही है, जिसने न केवल चीन बल्कि भारत जैसे देशों को भी सतर्क किया है। यदि भारत-चीन-रूस का यह समीकरण मजबूत होता है, तो ट्रंप की एकतरफा नीतियां प्रभावहीन हो जाएंगी और वैश्विक राजनीति में अमेरिका का वर्चस्व सीमित हो जाएगा। इस नये शक्ति-संतुलन से छोटे और विकासशील देशों को भी राहत मिलेगी, क्योंकि उन्हें अब केवल एक ध्रुवीय दबाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह स्थिति विश्व में लोकतांत्रिक संतुलन और समानता की भावना को प्रोत्साहित करेगी।यह शुभ संकेत है कि अब हाथी और ड्रैगन के साथ आने की संभावना रेखांकित की जाने लगी है। लेकिन उसके लिए अभी दोनों देशों को लंबी दूरी तय करनी होगी, बहुत सारे मतभेद और विवाद दूर करने होंगे। इसका अंदाजा दोनों पक्षों को है। तभी बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया है कि मतभेद झगड़े में तब्दील नहीं होने चाहिए।

# धीरे-धीरे खत्म हो रहे हैं संयुक्त परिवार और बुजुर्गों के लिए जगह कम

विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रिंसिपल

**कुछ समय पहले अयोध्या में दिल दहला देने वाली एक घटना ने भारत में बुजुर्गों की हो रही दुर्दशा सामने रख दी है। कैंसर से पीड़ित बुजुर्ग महिला को उसके ही परिजन रात के अंधेरे में ई-रिक्शा में लाद कर सड़क किनारे छोड़ गए। महिला इतनी लाचार थी कि न तो बोल सकती थी और न ही चल सकती थी। यह पूरी घटना पास सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे पता चलता है कि किस तरह एक असहाय महिला को सड़क पर छोड़ दिया गया। बाद में उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। यह कोई अकेली घटना नहीं है।**

हमारे समाज में बुजुर्गों के प्रति बढ़ती उपेक्षा और अमानवीयता की एक ऐसी परत है, जिसकी तह में हम नहीं जाते और अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। पारिवारिक मूल्य जो हमें बुजुर्गों का सम्मान करना सिखाते थे, अब किताबों और रीति-रिवाजों तक ही सीमित रह गए हैं। आज के समय में व्यक्तिवाद अपने चरम पर है और जीवन की गति तीव्र हो गई है, ऐसे में बुजुर्गों की देखभाल को अतिरिक्त जिम्मेदारी या बोझ के रूप में देखा जाता है।

हम ऐसे युग में जी रहे हैं जहां परंपराएं और आधुनिकता आपस में टकरा रही हैं। संयुक्त परिवार धीरे-धीरे खत्म हो रहे है। उसकी जगह ल की संस्कृति ले रही है, जिसमें बुजुर्गों के लिए जगह कम होती जा है। आर्थिक स्वतंत्रता और व्यक्तिगत उपलब्धियों की ओर अग्रसर आज की पीढ़ी के लिए समय की कमी और सामाजिक प्रतिबद्धताओं की सीमाएं बुजुर्गों की देखभाल को बोझ बना रही हैं। भारत में बुजुर्गों की जनसांख्यिकी स्थिति भी सामाजिक चुनौती बन रही है। इस समय भारत में 160 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 15 करोड़ तीस लाख लोग हैं और अनुमान कि 2050 तक यह संख्या 34 करोड़ सत्तर लाख तक पहुंच सकती है। वर्ष 2031 तक बुजुर्गों की आबादी कुल जनसंख्या का लगभग 20.1 फीसद तक पहुंचने की संभावना है, जिससे हमारे सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचे पर भारी दबाव पड़ सकता है।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रपट भी यही संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ेगा, बल्कि सामाजिक सुरक्षा प्रणालियां और पारिवारिक संरचनाएं भी इस बदलाव से गहराई से प्रभावित होंगी। देश के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों, खासकर केरल और तमिलनाडु में बुजुर्गों का अनुपात सबसे ज्यादा है, जो दर्शाता है कि इन क्षेत्रों को इस जनसांख्यिकीय बदलाव से निपटने के लिए जल्द से जल्द और प्रभावी रणनीति अपनानी होंगी। स्पष्ट है कि भारत बहुत समय तक युवा राष्ट्र नहीं रह पाएगा। ऐसे में हमारी नीतियों और नजरिए बदलाव जरूरी लेकिन जनसंख्या वृद्धि ही एकमात्र चिंता का विषय नहीं है। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार और उपेक्षा की समस्या भी भारत में एक गहरे संकट के रूप में उभर रही है। कई अध्ययनों से पता चला है कि घर के अंदर बुजुर्गों की उपेक्षा की दर 47.5 फीसद है, जबकि घर के बाहर यह आंकड़ा 32 फीसद तक पहुंच जाता है।

वर्ष 2022 में 22 शहरों में किए गए एक अध्ययन में 35 फीसद बुजुर्गों ने कहा कि उनके बेटों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया, 21 फीसद ने बहुओं को दोषी ठहराया, जबकि दो फीसद ने बाहरी सहायकों को दोषी ठहराया। ये आंकड़े बताते हैं कि वृद्ध जनों की सबसे अधिक उपेक्षा उन्हीं लोगों द्वारा की जा रही है, जिनसे उन्हें सबसे अधिक सुरक्षा और स्नेह की अपेक्षा होती है। महिलाओं की स्थिति और भी दयनीय है। पुरुषों की तुलना में वे मानसिक, भावनात्मक और आर्थिक शोषण का अधिक शिकार होती हैं, खासकर विधवा होने पर जब उनकी सामाजिक और पारिवारिक स्थिति और भी कमजोर हो जाती है।

सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता और पहुंच भी बेहद सीमित है। वृद्धावस्था पेंशन योजना के बारे में केवल 55 फीसद, विधवा पेंशन योजना के बारे में 44 फीसद और अन्नपूर्णा योजना के बारे में केवल 12 फीसद बुजुर्गों को ही जानकारी है। ये आंकड़े न केवल नीति निर्माण में खामियों की ओर इशारा करते हैं, बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि जागरूकता और क्रियान्वयन स्तर पर हम कितने पीछे हैं। ग्रामीण भारत में स्थिति औ भी भयावह है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नगण्य है और सामाजिक सुरक्षा तंत्र लगभग नदारद है। बुजुर्गों की इस स्थिति का मूल कारण केवल आर्थिक या स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं ही नहीं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ढांचे में आ रहे बदलाव भी हैं। संयुक्त परिवार जो कभी सामाजिक सुरक्षा की गारंटी हुआ करते थे, आज बिखर चुके हैं। शहरीकरण और वैश्वीकरण के दौर में युवा बेहतर जीवन की तलाश में शहरों और विदेशों का रुख कर रहे हैं, जिससे बुजुर्ग गांवों या छोटे शहरों में अकेले रह जाते हैं। मध्यम वर्गीय परिवारों को पहले बुजुर्गों की देखभाल का सबसे मजबूत आधार माना जाता था, अब ये खुद आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। इलाज, देखभाल और पुनर्वास की बढ़ती लागत उन्हें लाचार बना रही है। महिलाओं की बढ़ती कार्य भागीदारी ने पारंपरिक देखभाल चुनौती दी दी है। । पहले महिलाएं घर पर र बुजुर्गों की देखभाल करती थीं, लेकिन आज उनके पास समय का अभाव है।

संपत्ति और उत्तराधिकार को लेकर पारिवारिक विवाद भी बुजुर्गों के लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा करते हैं। इन तमाम जटिलताओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य ऐसा विषय है, जिस पर न तो समाज खुल कर बात करता है और न ही सरकार पर्याप्त ध्यान देती है। अवसाद, अकेलापन, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसे मुद्दे बुजुर्गों की मूक पीड़ा को और गहरा करते हैं। कई बुजुर्ग अपनी पीड़ा नहीं बताते, क्योंकि उन्हें लगता है कि समाज में उनकी कोई आवाज नहीं है। चुप्पी तब एक सामाजिक अपराध में बदल जाती है, जब उनकी उपेक्षा को सामान्य मान लिया जाता है। इसका समाधान सिर्फ सरकारी नीतियों से नहीं निकलेगा। इसके लिए एक समग्र, बहुआयामी और संवेदनशील दृष्टिकोण की आवश्यकता है। वृद्ध जनों के लिए राष्ट्रीय नीति का न केवल प्रभावी क्रियान्वयन हो, बल्कि समय पर उसमें संशोधन भी किया जाए ताकि वह वर्तमान सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप हो।

सामुदायिक स्तर पर जागरूकता अभियान चला कर सामाजिक सोच में आवश्यक बदलाव लाया जा सकता है। निजी क्षेत्र और गैर-सरकारी संगठनों की भागीदारी से वृद्ध आश्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है और देखभाल के ऐसे तरीके विकसित किए जा सकते हैं जो पारंपरिक और आधुनिक मूल्यों के बीच संतुलन बना सकें वृद्ध जनों के साथ दुर्व्यवहार के मामलों में त्वरित न्याय होना चाहिए ताकि समाज को यह स्पष्ट संदेश मिल सके कि उनकी उपेक्षा और शोषण किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। परिवारों और समुदाय ऐसी संरचनाएं विकसित की जानी चाहिए जो वृद्ध जनों को सम्मानजनक जीवन जीने में सक्षम बना सकें। यदि हम वास्तव में एक विकसित राष्ट्र बनना चाहते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा विकास समावेशी हो। कोई भी बुजुर्ग असहाय, अकेला और उपेक्षित न रहे।

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110





## खास खबर

### भिलाई क्षेत्र के 17 तालाबों में मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर अंतर्गत रामनगर मुक्तिधाम तालाब एवं कुरूद बस्ती के नाला की साफ-सफाई का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा निगम क्षेत्र के वार्डो, उद्यानों, तालाबों, सुलभ शौचालयों, बाजारों एवं अन्य जगहों का निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार निगम का अमला अपने-अपने क्षेत्रों में युद्व स्तर पर कार्य कर रहे है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के मुख्य मार्ग, मोहल्लो, उद्यानों में प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। तालाबों में उगे जलकुम्भी की सफाई भी मशीनों एवं सफाई गैंग लगाकर कराया जा रहा है। त्यौहारी सिजन लग चुका है, भिलाई शहर के मुख्य चौंक-चैराहों, गली-मोहल्लो में भगवान गणेश की प्रतिमा का स्थापना किया गया है। अक्सर देखा जाता है कि लोग तालाबों में भगवान की मूर्ति विसर्जित करने के साथ पूजा सामग्रीयों को तालाब में डाल देते है, जिसके कारण तालाब का पानी गंदा होने के साथ कचरा पानी के उपर बहकर किनारे पर आ जाता है। आयुक्त ने जोन आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए है कि तालाबों के गेट पर मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित है, प्रतिबंध के संबंध में बैनर पोस्टर लगाया जाए। जोन 1 अंतर्गत आला बंध तालाब खम्हरिया, स्मृति नगर तालाब, आमा तालाब, लिम्हा तालाब एवं भेलवा तालाब, जोन 2 अंतर्गत वार्ड 22 शीतला तालाब, ढौर तालाब, बड़ा तालाब, घासीदास नगर तालाब एवं वार्ड 16 शीतला तालाब, जोन 03 अंतर्गत वार्ड 55 सेक्टर 2 तालाब एवं वार्ड 32 बैकुण्ठधाम तालाब, जोन 04 अंतर्गत वार्ड 50 बाबा बालक नाथ सरोवर, वार्ड 43 बापू नगर तालाब एवं वार्ड 41 लक्ष्मण नगर तालाब, जोन 05 अंतर्गत वार्ड 69 मानव परिसर तालाब एवं वार्ड 66 सेक्टर 07 शिवधाम तालाब में मूर्ति विसर्जन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

### नगर पंचायत पाटन के चौक-चौराहे हुये रौशन

**दुर्ग।** जिले के नगर पंचायत पाटन के चौक-चौराहे में प्रकाश की समुचित प्रबंध किये गये हैं। लोक निर्माण विभाग (विद्युत/यांत्रिकी) संभाग दुर्ग के कार्यपालन अभियंता से मिली जानकारी अनुसार पाटन नगर के आत्मानंद चौक से खोरपा मार्ग तक प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त मार्ग में कुल 76 नग 9 मीटर आक्टैगनल पोल एवं 134 नग एलईडी लाईट लगाकर पाटन नगर के आत्मानंद चौक के अतंर्गत सीएसईबी ऑफिस के सामने से लेकर बाजार मार्ग से होते हुए खोरपा चौक तक प्रकाश व्यवस्था किया गया है। बाजार चौक में प्रकाश व्यवस्था हेतु शिफ्टिंग किये गये विद्युत पोल में एलईडी लाईट लगाकर प्रकाश का उचित व्यवस्था किया गया है। नगर के सभी स्ट्रीट लाईट सुचारू रूप से कार्य कर रहा है।

# अगस्त 2025 में बीएसपी का ऐतिहासिक प्रदर्शन, विभिन्न मिलों ने रचे कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अगस्त 2025 में उत्पादन और डिस्पैच के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल (आर एस एम), यूनिवर्सल रेल मिल (यू आर एम), बार एंड रॉड मिल (बी आर एम) तथा प्लेट मिल ने इस दौरान उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज कीं, जिससे भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक बार फिर देश के अग्रणी इस्पात उत्पादक और अवसंरचना प्रदाता के रूप में अपनी साख को सुदृढ़ किया है।



अगस्त माह में संयंत्र ने कुल 99,889 टन लॉन्ग रेल का उत्पादन किया, जो मार्च 2024 में दर्ज 98,402 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। आर एस एम ने 18,845 टन लॉन्ग रेल का उत्पादन कर अपना ही मार्च 2024 का 18,241 टन का रिकॉर्ड तोड़ा। इसी प्रकार यू आर एम ने भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए 84,041 टन प्राइम रेल का उत्पादन किया, जो जून 2025 में दर्ज 83,046 टन के पिछले उच्चतम स्तर से अधिक है। वहीं यू आर एम में लॉन्ग रेल उत्पादन भी 81,044 टन तक पहुँचा, जो जून 2025 के 80,644 टन के रिकॉर्ड को पार कर गया।

स्टील उत्पादन के क्षेत्र में भी संयंत्र ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अगस्त माह में सेलेबल स्टील का उत्पादन 5,19,627 टन तक पहुँचा, जो जनवरी 2023 के 5,03,219 टन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। डिस्पैच के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की गयीं हैं जिनमें आर एस एम से 18,812 टन लॉन्ग रेल का डिस्पैच हुआ, जो मार्च 2024 में दर्ज 18,407 टन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गया। इसी प्रकार सेलेबल स्टील का कुल डिस्पैच 5,08,802 टन तक पहुँचा, जो जनवरी 2023 में दर्ज 4,89,180 टन से अधिक है।

01 सितम्बर 2025 को अपने संयंत्र दौरे के समय निदेशक प्रभारी (बीएसपी) चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस. मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) ए.के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) तापस दासगुप्ता के साथ बीआरएम, प्लेट मिल तथा यूआरएम का भ्रमण कर टीम को बधाई दी। इस अवसर पर महापात्र ने लगातार हो रही उपलब्धियों को टीम भावना और समर्पण का परिचायक बताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की, जबकि अन्य कार्यपालक निदेशकों ने भी मीलों की सफलता को सामूहिक प्रयास, प्रभावी प्रबंधन और परिचालन उत्कृष्टता का परिणाम बताया।

प्लेट मिल ने डिस्पैच का बनाया नया रिकॉर्ड

संयंत्र के प्लेट मिल ने भी अगस्त 2025 में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की। इसने 1,20,448 टन का उत्पादन कर अगस्त 2024 के 1,20,333 टन के रिकॉर्ड को पार किया और 1,27,427 टन के डिस्पैच के साथ नया मील का पत्थर रचा, जो अगस्त 2024 में दर्ज 1,16,963 टन के डिस्पैच रिकॉर्ड से कहीं अधिक है। इस सफलता में शिपिंग यार्ड मैपिंग और उन्नत आईटी-आधारित प्रणाली की अहम भूमिका रही। सी एंड आईटी टीम द्वारा टैबलेट-आधारित डॉक्यूमेंटेशन प्रक्रिया लागू किए जाने से डिस्पैच और अधिक तेज़ एवं सटीक हुआ। रैक उपलब्धता में आई चुनौतियों के बावजूद प्लेट मिल ने 10,980 टन का सड़क मार्ग से डिस्पैच किया, जो एक दशक में पहली बार पाँच अंकों तक पहुँचा। इस माह में प्लेट्स लगभग 147 ग्राहकों तक पहुँचाई गईं, जिनमें 10,000 टन प्रोजेक्ट क्लाइंट्स, 4,500 टन भेल, 613 टन शिपयाड्र्स और 5,000 टन एमएसएमई ग्राहकों को भेजी गईं।

### बार एंड रॉड मिल ने दर्ज किया रिकॉर्ड उत्पादन

संयंत्र की बार एंड रॉड मिल ने भी अगस्त 2025 में 90,550 टन के डिस्पैच के साथ अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ अगस्त डिस्पैच दर्ज किया। इससे पूर्व जुलाई 2025 में इस मिल ने 6,030 टन का एक दिवसीय सर्वाधिक डिस्पैच (31 जुलाई) और 1,01,200 टन का मासिक डिस्पैच दर्ज कर कीर्तिमान स्थापित किया था। मुख्य महाप्रबंधक एवं प्रमुख (बी आर एम) योगेश शास्त्री ने इस उपलब्धि का श्रेय टीम भावना, समय पर अनुरक्षण और आपसी तालमेल को देते हुए सभी कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने यूनियनों, प्रबंधन और सहयोगी विभागों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी उत्कृष्टता बनाए रखने का विष्वास जताया। इस अवसर पर महाप्रबंधक आशीष, शाष्वत मोहंती, समीर पांडेय और शिखर तिवारी ने भी बी आर एम टीम को शुभकामनाएँ दीं।

# कलेक्टोरेट में लगी रजत महोत्सव प्रदर्शनी विद्यार्थियों को मिलेगा प्रेरणादायक इतिहास

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिले में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इसके तहत 15 अगस्त 2025 से मार्च 2026 तक कुल 25 सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट स्थित लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव की प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ियों के संघर्ष की प्रेरक और गौरवशाली परंपरा



को उजागर करती है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की आज़ादी की गाथा को दर्शाया गया है, जिसे कलेक्टोरेट में आम जनता और स्कूली विद्यार्थियों के लिए रखा गया है, ताकि वे प्रदेश के गौरवशाली इतिहास को जान सकें और उससे प्रेरणा प्राप्त कर सकें। प्रदर्शनी का संकलन, संयोजन और प्रस्तुति छत्तीसगढ़ शासन के पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, संस्कृति विभाग द्वारा किया गया है। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे, एडीएम अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग एवं जनपद दुर्ग सीईओ रूपेश पाण्डेय भी उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** खरीफ 2025 में जिले के कृषकों के मांग अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा- उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में उर्वरकों की सतत् आपूर्ति हेतु जिले के विक्रय प्रतिष्ठानों का 02 सितम्बर 2025 को राज्य स्तर से अपर संचालक कृषि आर.के.चंद्रवंशी एवं संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गबेल, जिले के भ्रमण पर रहे। भ्रमण के दौरान जिले में पदस्थ समस्त उर्वरक निरीक्षकों को विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण करने एवं अनियमितताएं पाये जाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। अपर संचालक कृषि आर.के.चंद्रवंशी एवं संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गबेल एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा विकासखण्ड-दुर्ग के सेवा सहकारी समिति अण्डा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत पीओएस स्कंध एवं भौतिक स्कंध में अंतर पाये जाने के कारण उक्त संस्थानों को कारण बताओं नोटिस जारी कर समाधानकारक जवाब 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया।

# महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ने की अनूठी पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** ''महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोड़ने'' के उद्देश्य से जिला इनक्यूबेशन हब में एक दिवसीय बेसलाइन स्टडी का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दुर्ग प्रशासन, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज इनक्यूब फाउंडेशन तथा कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस विशेष आयोजन में स्थानीय महिला उद्यमियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। लगभग 80 महिलाएँ की 8 स्व-सहायता समूहों तथा 12 व्यक्तिगत महिला उद्यमियों ने पूरे दिन गहन संवाद और विचार-विमर्श में हिस्सा लिया। इस




संवाद का उद्देश्य महिलाओं की वास्तविक चुनौतियों, जमीनी हकीकतों और उनके सामने आने वाली उद्यमशील कठिनाइयों को समझना तथा उन्हें अवसरों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करना था। दिनभर चलने वाले इस आयोजन को कई समाजसेवियों और प्रेरक हस्तियों की उपस्थिति ने और भी ऊर्जा प्रदान की। इनमें एडीके मेकर्स प्रा. लि. के संस्थापक एवं जिला इनक्यूबेशन हब के अग्रणी इनक्यूबी राहुल धिंगरा, गुरुग्राम की समाजसेवी रंजना यादव, दुर्ग की कंचन सिंह और आगा खान सोशल वेलफेयर बोर्ड की चेयरपर्सन अमीना हीरानी शामिल है। महिला उद्यमियों की वास्तविक स्थिति, उनकी चुनौतियों और संभावनाओं को समझना, ताकि उन्हें उपयुक्त संसाधन, प्रशिक्षण और बाज़ार से जोड़ा जा सके।

कार्यक्रम के दौरान, एडीके मेकर्स प्रा. लि. के संस्थापक एवं जिला इनक्यूबेशन हब (क्प्भ्) के अग्रणी इनक्यूबी राहुल धिंगरा ने महिला उद्यमियों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने उद्यमिता की बारीकियों, उभरते बाज़ार की मांगों तथा अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों के उपयोग पर अपना समृद्ध अनुभव साझा किया। महिलाओं के व्यावसायिक विचारों को इनोवेशन आधारित मॉडल में बदलने में सहयोग। आधुनिक तकनीक, डिज़ाइन थिंकिंग और डिजिटल टूल्स से महिला उद्यमियों को प्रशिक्षित करना।

उनके उत्पादों और सेवाओं को नए बाज़ारों तक पहुँचाने के लिए नेटवर्किंग और ब्रांडिंग सपोर्ट। वित्तीय प्रबंधन और निवेश तक पहुँच दिलाने में मार्गदर्शन। एडीके मेकर्स महिलाओं के उद्यम को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक ले जाने में एक मज़बूत हस्तक्षेप कर सकता है।

# संडे ऑन साइकिल: भिलाई में जुटे 500 से ज्यादा खिलाड़ी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय खेल प्राधिकरण, भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत एवं संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा, तथा साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की सहभागिता से संडे ऑन साइकिल का 29वां संस्करण राज्य स्तरीय मेगा साइकिल रैली के रूप में आज भव्य आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों एवं नागरिकों की 500 से अधिक भागीदारी हुई। रैली का शुभारंभ प्रातः 8:30 बजे प्रगति भवन, भिलाई से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तेलचित्र पर माल्यार्पण से हुई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया।

इस अवसर पर विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र एवं मुख्य संरक्षक साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में माननीय ललित चंद्राकर विधायक , माननीय अलका वाघमर महापौर दुर्ग, माननीय राकेश पाण्डेय अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, सत्यनारायण राठौर संभागायुक्त दुर्ग, अभिजीत सिंह जिलाधीश दुर्ग, वीरेंद्र सिंह अपर कलेक्टर दुर्ग, राजीव पाण्डेय आयुक्त भिलाई निगम, विनायक राव चन्नावर महासचिव साइकलिंग एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़, नरेंद्र बंछोर महाप्रबंधक बीएसपी, परविंदर सिंह ग्रेवाल सह महाप्रबंधक, राजेंद्र प्रसाद, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ तोषेन्द्र वर्मा कोषाध्यक्ष साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़, देव प्रकाश वर्मा सचिव साइकिलिंग ऑफ डिस्ट्रिक्ट, शशांक देशमुख सहसचिव साइकिलिंग ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट, प्रतीक मनोध्या,एन आई एस इंटरनेशनल कोच साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ओलंपिक व बॉक्सिंग खिलाड़ी उपस्थित रहे।

रैली प्रगति भवन (ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई स्टील प्लांट) से प्रारंभ होकर , सिविक सेंटर, शहीद उद्यान, परिवार चौक, रेल चौक, डीपीएस चौक, एसएसबी चौक होते हुए जयंती स्टेडियम (वेलोंड्रम) के अंदर का एक चक्कर लगाकर पुनः प्रगति भवन में सम्पन्न हुई। रैली में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य फिटनेस एवं स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा साइक्लिंग संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। सांसद विजय बघेल ने उपस्थित नागरिकों को शपथ दिलाई कि वे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहेंगे और अपने परिवार व समाज को भी स्वस्थ रखने हेतु प्रेरित करेंगे।

विनायक चन्नावर ने कहा की संडे ऑन साइकिल रैली का यह हमारा लगातार बिना रुके 29 व संस्करण है जैसे हम निरंतर जारी रखेंगे और फिट रहने का और खेल से जुड़े रहने का संदेश देते रहेंगे ललित चंद्राकर ने फिट इंडिया के माध्यम से भारत को पुनः सोने की चिड़िया बनाने का संकल्प दोहराया। नरेंद्र बंछोर ने कहा कि मार्च से प्रारंभ हुई इस रैली की श्रृंखला गर्मी व बरसात में भी निरंतर जारी रही। अलका वाघमर ने कहा कि आज मोबाइल की लत से दूर होकर साइक्लिंग जैसी गतिविधियों से फिटनेस पर ध्यान देना आवश्यक है। राकेश पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान को जनआंदोलन के रूप में गति देने का आह्वान किया।

इस आयोजन को मेजर ध्यानचंद जयंती और राष्ट्रीय खेल दिवस से भी जोड़ा गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि यह दिवस हमें खेलों की संस्कृति को अपनाने और फिटनेस को जीवनशैली बनाने की प्रेरणा देता है। संचनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ ने यह अवसर भिलाई नगरी को दिया भिलाई की पहचान खेल, शिक्षा, कला और संस्कारों की नगरी के रूप में है। इसी नगरी से आज फिट इंडिया और ग्रीन इंडिया का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों, खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता कर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# सेवा से बढ़कर और कोई दूसरा बड़ा काम नहीं - सांसद बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था के स्थापना दिवस व सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सेवा से बढ़कर दूसरा बड़ा काम नहीं हैं। चाहे वह किसी भी प्रकार की सेवा क्यों न हो,ये जो जिंदगी मिली है मनुष्य योनि का वह इसीलिए है कि यदि नेक दिल से सेवा का काम करोगे तो आपको कभी कोई परेशानी नहीं आयेगी। भूखे को भोजन,जरूरतमंद को इलाज की सुविधा व गरीब बेटी की शादी,इन तीन चीजों को वे बहुत ही पुण्य का काम मानते हैं। पहले घरों में ये संस्कार था कि भोजन बनने पर पहली रोटी गौ माता और आखिरी कुत्ते के लिए निकाली जाती थी। यदि आज भी इसका पालन करें तो न गौ माता प्लास्टिक खायेगी और न कुत्ता किसी को काटेगा। महापौर मीनल चौबे ने भी संस्था के कामों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बहुत बड़ी बात है इतनी बड़ी टीम सेवा के काम में लगी हुई है। नगर निगम की ओर से उन्होने इस नेक काम में मदद का भरोसा भी दिलाया।



जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने वृंदावन हाल में अपना नौंवा स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल थे व अध्यक्षता महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने की। साहित्यकार श्रीमती सविता पाठक, समाजसेवी श्रीमती आभा मिश्रा, ब्राम्हण समाज मिलाई दुर्ग के संस्थापक सदस्य सुरेश पांडेय एवं पार्षद दीपक जायसवाल विशिष्ट अतिथि थे। स्थापना दिवस के अवसर पर जिन व्यक्तियों व संस्थाओं को सम्मानित किया गया उनमें प्रमुख रूप से महासमुंद आत्मानंद अंग्रेजी कालेज की प्राचार्या डॉ. अनसुइया अग्रवाल को वर्ष 2025 का रमा भारती स्मृति भूमिजा पुरस्कार प्रदान किया गया, जो कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. कमलनारायण शर्मा की पत्नि एवं पुत्री की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा प्रदान किया गया। इसी प्रकार छग के प्रसिध्द कृषि वैज्ञानिक स्व. डॉ. मणीशंकर शर्मा की स्मृति में विगत 5 वर्षों से कृषि शिक्षा के क्षेत्र में दिया जाने वाला इस वर्ष का कृषि रत्न सम्मान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय एवं ग्रामीण प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हुलास पाठक को प्रदान किया गया। इस आयोजन में आज शहर के ऐसे दानदाता परिवार सम्मानित हुए।

जिन्होंने दुख की घड़ी में अपने परिवार के सदस्यों के निधन पश्चात लोक कल्याण हेतु उनके पार्थिव देह का दान किया है दूसरों को रोशनी देने परिवार के दिवंगत सदस्य का नेत्रदान किया है साथ ही ऐसे व्यक्ति जिन्होने 50 से अधिक बार स्वयं रक्तदान किया है। शहर की ऐसी सामाजिक संस्थाओं व विशिष्ट जन का भी सम्मान किया गया जिन्होने समाज सेवा के क्षेत्र में अपने कार्यों से उच्च आदर्श प्रतिमान स्थापित किये हैं। कार्यक्रम की शुरूवात गणेश वंदना से हुई उसके बाद संस्था की महिला सदस्यों ने एक से बढ़ कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती सुषमा तिवारी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था द्वारा विगत 9 वर्ष के कार्यकाल में किये हुए कार्यों का विस्तार से जानकारी दी एवं बताया कि वे पिछले नौ साल से संगठित होकर संस्थागत रूप से समाज सेवा का काम कर रहीं हैं जिसमें 300 महिलाओं व पुरुषों की टीम साथ है।

सम्मान के इसी क्रम में समाज सेवी संस्था सेवा पथ, जतन द्वियांग स्कूल, सखी फाउंडेशन, एक्जेट फाउंडेशन, अखंड छत्तीसगढ़ सर्व मानव सेवा समिति समग्र ग्राम विकास शोध समाधान केंद्र खोरपा के साथ साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में वरिष्ठ पत्रकार श्री ब्रजेश चौबे, पर्यावरण के क्षेत्र में हरियाली दीदी के नाम से प्रसिद्ध श्रीमति पुष्पा साहू कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में श्री पुरुसोत्तम चन्द्राकर एवं पशु कल्याणकर्ता के रूप में फेटो जर्नलिस्ट श्री संतोष साहू एवं उद्यमिता एव नवाचार के क्षेत्र में इंजी. अभिजीत पांडेय को सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा संचालित चिकित्सा उपकरण बैंक में सहयोग। करने वाले नागरिकों सहित सदस्यों को कर्मशील सम्मान से नवाजा गया। इसी प्रकार गौ सेवा कार्य में नियमित लगे सदस्यों को गौ रत्न सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री अमृतांशु शुक्ल ने किया। आभार प्रदर्शन संस्था की सचिव श्रीमती ममता शर्मा ने किया इस अवसर पर संस्था के संरक्षक अजय शर्मा संस्थापक अध्यक्ष सुषमा तिवारी, संतोष साहू, बिहारी लाल शर्मा, हेमलता तिवारी, चंद्रसेना दीवान ममता बड गैंया, श्वाती सोनी, रश्मि शर्मा, तृप्ति शर्मा, सीमा अग्रवाल, अनामिका दुबे, ज्योति शर्मा सीमा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

## खास खबर...



### नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का पोस्टर विमोचन, 7 को स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं सिंधु डॉ. फोरम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ शिविर 7 सितंबर रविवार को आयोजित किया गया है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल जी एवं दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल साथ में बीजेपी जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया । साथ में चौबीस पंचायत के मुखीगण का सहयोग एवं साथ नि:शुल्क स्वास्थ शिविर में रहेगा। सिंधु डॉक्टर फोरम के डॉक्टर अजीत शदाणी एवं डॉक्टर विनोद आहूजा ने कहा पच्चीस डॉक्टर की टीम सिंधु डॉक्टर फोरम की भी उपस्थित रहेगी जो अपनी सेवा स्वास्थ शिविर में देगी। मुख्य रूप से समाजसेवी किशोर आहूजा के साथ गुरनामल रोहड़ा, सोनू साधवानी, अल्पेश पोपटानी, राजकुमार सोनी, गिद्धुराम कुकरेजा, दर्शनलाल सचदेव, नरेश पंजवानी, हरनाम तलरेजा, अमरलाल वालेचा, अजय जयसिंघानी, पंकज चिंजवानी, गौरव नागदेव, कमल राजवानी, सुनील कुकरेजा, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, तेजकुमार बजाज एवं सुशील दरिरा की सक्रिय भागीदारी है।

### निगम जोन 7 में बिना अनुमति किये गये निर्माण को हटाया

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 7 नगर निवेश विभाग ने जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देश एवं कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उपअभियंता सुश्री रूचिका मिश्रा की उपस्थिति में जोन अंतर्गत स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 38 के क्षेत्र में चौबे कालोनी शाला मार्ग में बिना अनुमति किये गये निर्माण को हटाने कार्यवाही की।



इसी प्रकार नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब, उपअभियंता अतुल बंसल की उपस्थिति में जोन 9 के महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 32 के अत्तर्गत विजय नगर क्षेत्र में शासकीय भूमि पर राजू कबाडी द्वारा अतिक्रमण कर बनायी गयी कबाडी दुकान को बंद कराकर और हटाकर शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करवाने की कार्यवाही जोन 9 नगर निवेश विभाग द्वारा की गई। वहीं जोन अंतर्गत राजीव गाधी नगर मे ग्रेसी बादलकर द्वारा शासकीय भूमि पर किये गये अवैध निर्माण को तोड़कर शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

### एएचपीआई के आह्वान पर प्रदेश के अस्पताल करेंगे आयुष्मान योजना को 5 दिनों के लिए सांकेतिक बन्द

**रायपुर।** एसोसियेशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया (एएचपीआई) की आज आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय सामान्य सभा की बैठक में आयुष्मान योजना में लगातार आ रही परेशानियों के बारे में विस्तृत विचार विमर्श हुआ। पूरी बातचीत के केंद्र बिंदु में आयुष्मान योजना संचालित कर रही है स्टेट नोडल एजेंसी की असंतोषजनक कार्यप्रणाली पर सदस्यों ने गहरी चिंता व्यक्त की। सभी सदस्यों ने एक स्वर में बताया कि आयुष्मान योजना में पिछले 7 वर्षों मैं पैकेज दर बढ़ाई नहीं गई है जबकि प्रतिवर्ष चिकित्सा दरों में बढ़ोतरी की दर 12' से अधिक है। यहां तक की 2022 में नेशनल हेल्थ अथॉरिटी की अनुशंसा भी नहीं लागू हो पाई है।

# उतम संयम धर्म को सुगंध दशमी के रूप में भी मनाया- सुदर्शन

**रायपुर।** दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के चल रहे दसलक्षण पर्व के छटवें दिन उत्तम संयम धर्म की पूजा की गई जिसके अंतर्गत 1008 श्री शांति नाथ भगवान को पांडुक शीला पर वीराजित कर अभषेक शांति धारा के साथ संगीतमयी सामूहिक पूजन की गई। उपरोक्त जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने दी।

श्री जैन ने आगे बताया कि प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य अजय कुमार भरत कुमार रांवका परिवार एवं द्वितीय शांति धारा का सौभाग्य नरेंद्र कुमार लक्ष कुमार ट्ठोल्या परिवार को प्राप्त हुआ। 10 लक्षण पर्व के अंतर्गत 6वें दिवस उत्तम संयम धर्म मनाया गया। भाई सुरेश मोदी ने बताया कि उतम संयम धर्म को सुगंध दशमी के रूप में भी मनाया जाता है सुगंध दशमी की कथा के बारे में जैसा कि शास्त्रों में लिखा है पूर्व में एक राजकुमारी हुआ करती थी जिसने मुनिराज को देखकर उनकी निंदा आलोचना की थी इसके प्रभाव से आने वाले भव में उसे शरीर तो प्राप्त हुआ था लेकिन उस शरीर से इतनी दुर्गंध आती थी की कोई भी व्यक्ति उसके पास आना नहीं चाहता था वह जहां भी जाती उसे अवहेलना निंदा का सामना करना पड़ता था फिर एक दिन अचानक उसे दिगंबर साधु के दर्शन हुए और उसने वहां जाकर मुनिराज के चरणों में नमस्कार कर अपनी इस व्यथा को कहा तब मुनिराज ने उसे उसके पूर्व के बारे में बताया की मुनि निंदा के परिणाम स्वरूप आपको यह शरीर प्राप्त हुआ है अगर आप दशमी के दिन शीतल नाथ भगवान की मन से पूजा करेंगे। इसके प्रभाव से आपका यह शरीर दुर्गंध रहित हो जाएगा उसने मुनिराज की बात सुनकर भगवान की पूजा अर्चना प्रारंभ की जिससे उसका शरीर सुगंध में हो गया और तभी से यह सुगंध दशमी का पर्व मनाया जाने लगा हम सभी को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए की मुनि की आराधना करें या ना करें उनकी निंदा नहीं करनी चाहिए क्योंकि उनकी निंदा करने से अनंतानंत कष्टों को भोगना पड़ता है आज उत्तम संयम दिवस के दिन हमें अपनी वाणी में और अपनी समस्त इंद्रियों में संयम धारण करना चाहिए जिससे हम सभी अपने जीवन में व्रत नियमों का पालन करते हुए मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होते रहे इस पंचम काल में मोक्ष तो है नहीं लेकिन अगर हम इन दश धर्म को अंगीकार करते हैं , धर्म को धारण करते हैं, सोलहकारण भावनाओं का चिंतवन करते हैं तो एक दिन निश्चित ही वह समय आएगा जब हम इस जन्म मरण से दुख के दूर होकर मोक्ष पद को प्राप्त करेंगे । इस माया रूपी संसार मे मन को स्थिर रखने के लिए कामनाओ पर नियंत्रण आवश्यक है, और इंद्रियों पर नियत्रण ही संयम धर्म है।

# पदाधिकारियों व लोगों ने ली सामूहिक स्वच्छता की शपथ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अंतर्गत राज्य शहरी विकास अभिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, जोन 5 जोन अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल,पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्रमांक 41 की पार्षद और नगर निगम महिला एवं बाल विकास विभाग की अध्यक्ष सरिता आकाश दुबे, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सन्दीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू की उपस्थिति में नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की पहल पर जोन अंतर्गत वार्ड 41 क्षेत्र अंतर्गत सुन्दर नगर में जगन्नाथ मन्दिर के समीप स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 अंतर्गत श्रीगणेश पंडाल में श्रीगणेश उत्सव समिति के पदाधिकारियों और आमजनों ने सामूहिक स्वच्छता शपथ ली।

इसी प्रकार स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 के अंतर्गत नगर निगम जोन 7 स्वास्थ्य विभाग की पहल पर जोन 7 जोन कमिश्नर श्वेता विश्वकर्मा, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू, नगर निगम जोन 7 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू के मार्गदर्शन में जोन 7 अंतर्गत रामनगर संत कबीर चौक के पास श्रीगणेश पंडाल के श्री गणेश उत्सव समिति पदाधिकारियों ने आमजनों सहित सामूहिक स्वच्छता शपथ ली।

# निगम वित्त विभाग सलाहकार समिति की बैठक में पहुंची महापौर मीनल चौबे

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे नगर निगम मुख्यालय में नगर निगम वित्त विभाग सलाहकार समिति की बैठक में पहुंची। महापौर मीनल चौबे ने नगर निगम वित्त विभाग के अधिकारियों को वित्त विभाग से संबंधित विभिन्न मदो और योजनाओ की आवश्यक जानकारी सलाहकार समिति के सदस्य पार्षदो सहित सभी जनप्रतिनिधि पार्षदो को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये।

नगर निगम वित्त विभाग सलाहकार समिति की बैठक वित्त लेखा अंकेक्षण विभाग के अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार की अध्यक्षता एवं सदस्य पार्षद डॉ मनमोहन मनहरे, देवदत्त द्विवेदी, मोहन कुमार साहू जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, पार्षद पुष्पा रोहित साहू जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, पार्षद अजय साहू, जोन 10 अध्यक्ष सचिन बी मेधानी, पार्षद जयश्री नायक, उपायुक्त वित्त संजय सिंह सोनवानी सहित नगर निगम वित्त विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में हुई। बैठक में सदस्य पार्षदो ने वार्ड पार्षद निधि सहित अन्य मदो के सबंध मे वित्त विभाग के अधिकारियो से जानकारी मांगी। पार्षदो को जानकारी दी गई कि पार्षद निधि मद की जानकारी नगर निगम मुख्यालय वित्त विभाग से जोन कमिश्नर कार्यालयो को दी गई है। जोन कमिश्नर कार्यालयों को इस संबंध में वार्ड पार्षदो को पार्षद निधि मद की आवश्यक जानकारी देने के निर्देश दिये गये है।

# मुख्य तकनीकी परीक्षक आर पुराम ने ली वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग कार्यपालन अभियंताओं की बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) आर. पुराम ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के निर्माण विभागों के सभी संभागों के कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बड़ी संख्या में लंबित निरीक्षण प्रतिवेदन के मद्देनजर उन्होंने सभी कार्यपालन अभियंताओं को इसके निराकरण के लिए एक सप्ताह की मोहलत देते हुए कहा कि इसमें चूक करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए नामजद प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जाएगा।

बैठक में श्री पुराम ने 30 जून 2025 की स्थिति में लोक निर्माण विभाग से संबंधित 493, जल संसाधन के 308, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के 203, नगरीय प्रशासन एवं विकास के 11, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के 73, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड और छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज के 86 लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों की संभागवार समीक्षा की और संबंधित कार्यपालन अभियंताओं को तत्परता से इसका परीक्षण कर उत्तर भिजवाने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा मुख्य तकनीकी परीक्षक के कार्यों के त्रैमासिक प्रगति की समीक्षा की जाती है। संगठन द्वारा स्थल निरीक्षण किये जाने के पश्चात् निरीक्षण प्रतिवेदन जारी किया जाता है, जिसका जवाब संबंधित कार्य विभागों से प्राप्त कर निरीक्षण प्रतिवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।

# रायपुर नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने अधिकारियों सहित मरम्मत कार्यो की प्रगति का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** रायपुर पश्चिम विधायक पूर्व केबिनेट मंत्री राजेश मूणत और नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर रायपुर नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य सुमन अशोक पाण्डेय, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल सहित नगर निगम जोन 5 क्षेत्र के अंतर्गत आरडी तिवारी शासकीय विद्यालय में नगर निगम जोन 5 लोककर्म विभाग द्वारा प्रगतिरत अतिरिक्त कक्ष निर्माण रंगाई पोताई, वॉशरूम की मरम्मत सेप्टिक टैंक का निर्माण, पाईप लाईन की मरम्मत, खेल मैदान का विकास कार्य, फॉल सिलिंग की मरम्मत, पैनल लाईट बदलने का कार्य, सरहदी दीवाल की मरम्मत एवं ऊंचाई बढ़ाने का कार्य, हैण्डवॉश पेयजल प्लेटफार्म निर्माण, खिड़की एवं दरवाजा मरम्मत के अधोसंरचना मद अंतर्गत 1 करोड़ 60 लाख की स्वीकृत लागत से जारी विकास कार्यों एवं मरम्मत कार्यों और नगर निगम जोन 7 अंतर्गत करबला तालाब में प्रगतिरत विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर निगम अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता अशुल शर्मा जुनियर, जोन 5 के सहायक अभियंता नागेश्वर रामटेके एवं संबंधित निगम जोन 5 अधिकारियों की उपस्थिति में किया। नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य सुमन अशोक पाण्डेय, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल ने संबधित अधिकारियो को सतत मॉनिटरिंग कर आरडी तिवारी के प्रगतिरत विकास और मरम्मत के कार्यों को शीघ्र तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता युक्त तरीके से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### शिक्षा मंत्री यादव से ओमप्रकाश ने की मुलाकात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में स्थित उनके कार्यालय में ओमप्रकाश सेन ने सौजन्य मुलाकात की। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 3 दिवसीय आईडीसी कैम्प में छत्तीसगढ़ के युवा प्रतिनिधि ओमप्रकाश सेन ने सक्रिय सहभागिता करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया। शासकीय कचना धुरवा कॉलेज, छुरा जिला- गरियाबंद में बी कॉम तीसरे सेमेस्टर के छात्र ओमप्रकाश सेन, ग्राम दादरगांव पुराना निवासी हैं। कैम्प से लौटने के उपरांत उन्होंने मंत्री यादव से मुलाकात की। मंत्री श्री यादव ने ओमप्रकाश सेन को राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ की भागीदारी हेतु हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है। प्रदेश के छात्र राष्ट्रीय मंचों पर सहभागिता कर समाज और राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं।



# साइलेंट कामेडी फिल्म उफ्फ ये सियापा का गाना तमंचा रिलीज, नोरा फतेही ने दिखाया खूब जलवा



**फिल्म उफ्फ ये सियापा बालीवुड की आम कामेडी फिल्मों से हटकर है। यह फिल्म सच्चे मायने में एक हिम्मती एक्सपेरिमेंट है, जिसमें बिना किसी डायलाग्स के पूरी कहानी दिखाई जाने के लिए तैयार है। जी हां, इस फिल्म में 0 प्रतिशत डायलाग और 100 प्रतिशत अफरा तफरी है, जिससे दर्शक फिल्म की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ऐसे में अब इसकी दुनिया में अपने जबरदस्त म्यूजिक से नया रंग भरने वाला है इसका दूसरा ट्रैक तमंचा।**

इस गाने को लीजेंडरी ए।आर। रहमान ने कंपोज किया है, वहीं, सुनिधि चौहान ने अपनी दमदार और जोशीली आवाज से इसे सजाया है। जबकि, गाने के बोल अमिताभ भट्टाचार्य के हैं। बता दें कि तमंचा एक जोश से भरा डांस नंबर है, जो शानदार धुनों को एक मूडी अंदाज़ के साथ मिलाने के साथ पेश करता है। कहना गलत नहीं होगा कि इसके बोल थिरकने पर मजबूर कर देंगे।

गाने में नोरा फतेही अपने कमाल के मूव्स के साथ दिलकश अदाएं दिखाती नजर आएंगी। गाने में उनके साथ सोहम शाह को भी देखना अपने आप में अलग अनुभव होने वाला है।

गाने के बारे में बात करते हुए ए।आर। रहमान कहते हैं, फिल्म जिसमें डायलाग का इस्तेमाल नहीं किया गया है, वहां म्यूजिक सिर्फ बैकग्राउंड नहीं है, बल्कि यह आगे बढ़कर बात करती है। तमनचा में हमने थोड़ा सब्र और सटीकता अपनाया है, जिसमें खुद को रोकने के साथ जोश भी बनाए रखना था। इस तरह से गाने में मौजूद भावनाओं को रिदम आगे बढ़ाता है।

गाने के बारे में बात करते हुए सुनिधि चौहान ने बताया, यह गाना लुभाए जाने और बोल्डनेस के बीच एक संतुलन बनाता है। यह ज्यादा लाउड नहीं है, लेकिन लंबे समय तक साथ बने रहता है, और इसी चीज ने इसे गाने के लिए क्रिएटिव तौर से बेहद मज़ेदार बनाया है।

उफ्फ ये सियापा लव फिल्म्स की पेशकश है। इसे जी। अशोक ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म के प्रोड्यूसर लव रंजन और अंकुर गर्ग हैं। यह फिल्म 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## छोटी बहू ने साड़ी में दिखाए लटके-झटके, रुबीना दिलैक के दिलकश अंदाज पर फैंस फिदा

**अभिनेत्री रुबीना दिलैक इन दिनों रियलिटी शो पति पत्नी और पंगा को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें शेयर कीं।**

अभिनेत्री ने डार्क पर्पल साइनिंग वाली गोल्डन प्रिंट साड़ी पहन रखी है। उन्होंने गले में मंगलसूत्र, मांग में सिंदूर और हाथों में कंगन पहना हुआ है। खुले हुए बालों में रुबीना दिलैक का यह लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। पहली फोटो में वह स्टाइलिश तरीके से पोज देते हुए नजर आ रही हैं। दूसरी में वह बालों को संवारती हुए पोज दे रही हैं. इस दौरान उन्होंने वीडियो के लिए भी पोज दिए. रुबीना ने इसे कैप्शन दिया, अपनी नारी शक्ति को व्यक्त कर रही हूं।

फैंस को यह पोस्ट काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने कमेंट लिखा- ब्यूटी फुल तो दूसरे यूजर ने बास लेडी। एक अन्य यूजर ने लिखा, प्रिटी। एक शख्स ने अभिनेत्री के बालों की तारीफ करते हुए लिखा, रुबीना, आपके स्ट्रेट हेयर काफी अच्छे लग रहे हैं। अभिनेत्री रुबीना ने इससे पहले इंस्टाग्राम पर पति अभिनव संग तस्वीरें पोस्ट कीं थीं, जिसमें दोनों साथ में प्यारे लग रहे थे। उनकी इस पोस्ट से फैंस अंदाजा लगा रहे थे कि उनकी ये तस्वीरें पति-पत्नी और पंगा के सेट की हैं। रुबीना ने उसमें लाइट पर्पल कलर की ड्रेस पहनी थी। वहीं, अभिनव ब्लैक कोट-पैंट में नजर आए थे। इसके कैप्शन में रुबीना ने लिखा, ये मेरा पति और मैं इसकी पंगा, मेरा मतलब है पत्नी।

रुबीना दिलैक ने मिस शिमला समेत कई ब्यूटी कान्टेस्ट में अवार्ड्स अपने नाम किए हैं। एक्ट्रेस बनने से पहले वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती थीं, जिसके लिए वह चंडीगढ़ में तैयारी भी करने भी गई थीं, लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था।

एक बार उन्होंने अपनी फ्रेंड के कहने पर टीवी सीरियल छोटी बहू के लिए आडिशन दिया और सेलेक्ट भी हो गईं। यहां से उन्होंने एक्टिंग में जाने का फैसला किया और सीरियल में राधिका का रोल निभाया। इसके बाद उन्होंने सास बिना ससुराल, पुनर्विवाह- एक नई उम्मीद, जीनी और जूजू, और शक्ति जैसे हिट शो दिए हैं। उन्होंने राजपाल यादव स्टारर फिल्म अर्ध से बालीवुड में डेब्यू किया। वह बिग बास 16 की विनर भी रही हैं।





# मनोज बाजपेयी की फिल्म जुगनुमा का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

बॉलीवुड स्टार मनोज बाजपेयी की नई फिल्म जुगनुमा की रिलीज डेट फाइनल हो गई है। यह 12 सितंबर को रिलीज होगी। मेकर्स ने एक पोस्टर जारी कर इसकी जानकारी फैंस को दी है। जुगनुमा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म को खूब सराहा गया है। अब इसे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का एक पोस्टर तरण आदर्श ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, मनोज बाजपेयी की फिल्म 12 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तारीफ बटोरने के बाद अब ये भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है।

इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विजेता राम रेड्डी ने डायरेक्ट किया है। उन्हें कन्नड़ फिल्म थिथि के लिए ये अवॉर्ड मिला था। इसके पोस्टर में मनोज बाजपेयी अपनी ऑनस्क्रीन फैमिली के साथ दिखाई दे रहे हैं। इसमें एक बच्चा उनके कंधों पर बैठा है और सभी किसी बात का जश्न मनाते दिख रहे हैं। इस फिल्म की कहानी 1980 के दशक की है। इसमें जुगनू महादेव (मनोज बाजपेयी) रहस्यमयी तरीके से जल रहे जंगलों के बारे में पता लगाते हैं। इसमें मनोज बाजपेयी के साथ दीपक डोबरियाल, प्रियंका बोस, तिलोत्तमा शोम, हीरल सिद्धू और अवन पुकोट भी अहम किरदार निभा रहे हैं।

गुनीत मोंगा और अनुराग कश्यप इस फिल्म के एग्जिक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। इसके डायलॉग वरुण ग्रोवर ने लिखे हैं। फिल्म को मैक्स मीडिया, सिख्या एंटरटेनमेंट और पर्सपेक्टिव प्रोडक्शन ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म के साथ ही मनोज बाजपेयी के पास फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' भी है। यह फिल्म 5 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इसमें मनोज बाजपेयी एक बार फिर से इंस्पेक्टर की भूमिका में दिखाई देंगे।

चिन्मय डी. मांडलेकर के निर्देशन में बनी फिल्म में मनोज बाजपेयी और जिम सर्भ के साथ भालचंद्र कदम, सचिन खेडेकर, गिरिजा ओक और हरीश दुधाडे जैसे एक्टर्स भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। कुछ दिनों पहले ही इसका पोस्टर जारी कर इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठाया गया था।

# एक्ट्रेस सुरभि चंदना का यूट्यूब चैनल हुआ हैक, गाने फर्जी की रिलीज टली

**टीवी की मशहूर अदाकारा सुरभि चंदना इन दिनों अपने म्यूजिक प्रोजेक्ट फील गुड ओरिजनल्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में सुरभि ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि उनका आधिकारिक यूट्यूब और जीमेल अकाउंट हैक हो गया है। इस घटना ने न केवल टीम को बल्कि उनके फैंस को भी एक बड़ा झटका दिया है। इस हैकिंग की वजह से उनका नया गाना फर्जी अब तय समय पर रिलीज नहीं हो पाएगा।**

सुरभि ने अपने पोस्ट में लिखा कि उनका ट्रैक फर्जी पूरी तरह तैयार था और उसे अपने दर्शकों के साथ साझा करने की पूरी योजना थी। लेकिन जैसे ही अकाउंट हैक हुआ, उन्हें मजबूरन गाने की रिलीज को टालना पड़ा। उन्होंने बताया कि वो यूट्यूब इंडिया और गूगल इंडिया की मदद से अपने अकाउंट को वापस पाने की कोशिश कर रही हैं और उम्मीद है कि जल्द ही सब कुछ फिर से सामान्य हो जाएगा।

अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, जिंदगी ने हमें बीती रात एक अनचाहा विराम दे दिया। हमारा फील गुड ओरिजनल्स का आधिकारिक अकाउंट जीमेल और यूट्यूब हैक हो गया और हमने इन तक अपनी पहुंच खो दी। हमारा नया गाना फर्जी आपके सामने पेश किया जाना था, लेकिन किस्मत ने अभी कुछ और ही सोच रखा है।



सुरभि ने आगे कहा कि हर विराम एक मजबूत वापसी की तैयारी होती है। उनका मानना है कि कोई तूफान इतना ताकतवर नहीं होता कि संगीत को खामोश कर दे और कोई भी रुकावट इतनी बड़ी नहीं होती जो एक सपने को रोक सके। उन्होंने विश्वास जताया कि उनका गाना फर्जी जरूर रिलीज होगा और जब वह आएगा तो सिर्फ एक गाना नहीं बल्कि एक जज्बात, संघर्ष और उम्मीद का प्रतीक होगा।

पोस्ट के आखिर में सुरभि ने अपने फैंस का आभार व्यक्त करते हुए लिखा, हमारे साथ खड़े रहने के लिए, हम पर विश्वास रखने के लिए आपका धन्यवाद। संगीत का सुर एक पल के लिए थम सकता हैै लेकिन जल्द ही, वह फिर गूंजेगा। इसके आगे उन्होंने हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए फर्जी, स्ट्रान्गर कमबैक, और फील गुड ओरिजनल्स लिखा।

# बागी-4 का नया गाना ये मेरा हुस्न शुक्रवार को होगा रिलीज, हरनाज संधू ने दी जानकारी

**मोस्ट अवेटेड फिल्म बागी-4 का नया गाना ये मेरा हुस्न मंगलवार को रिलीज होने के लिए तैयार है। अभिनेत्री हरनाज संधू ने इसकी जानकारी सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से दी। यह गाना दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। हरनाज ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की रिकॉर्डिंग का एक बीटीएस (बिहाइंड द सीन) वीडियो शेयर किया, जिसमें मशहूर संगीतकार तनिष्क बागची और प्रतिभाशाली गायिका शिल्पा राव नजर आ रहे हैं।**

वीडियो में गाने की रिकॉर्डिंग की झलक दिखाई गई है। हरनाज ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा, जब बीट्स और बीच का संगम होता है, तो जादू बनता है। हमारा नया गाना ये मेरा हुस्न हो गया है। साजिद नाडियाडवाला की बागी-4 सिनेमाघरों में 5 सितंबर को दस्तक देगी।

बागी-4 एक्शन और रोमांच से भरपूर बागी की फ्रेंचाइजी है, जिसके निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। ये मेरा हुस्न की मधुर धुन और आकर्षक बीट्स दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर सकती हैं। तनिष्क बागची का संगीत और शिल्पा राव की आवाज इस गाने को और भी खास बनाती है। इससे पहले हरनाज ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट के साथ इसका पोस्टर जारी किया था, जिसमें संजय दत्त, हरनाज संधू, सोनम बाजवा और टाइगर श्रॉफ नजर आ रहे थे। अभिनेत्री ने इसे कैप्शन दिया, सबसे खतरनाक और खूनी मोहब्बत की कहानी शुरू होने वाली है। इस दुनिया में, हर आशिक एक विलेन होता है।

फिल्म का टीजर रिलीज किया जा चुका है, जिसमें टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त का खूंखार अवतार देखने को मिल रहा है। फिल्म में टाइगर अपने प्यार की खातिर पूरी दुनिया से भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। फिल्म में हरनाज संधू, टाइगर श्रॉफ की प्रेमिका के रोल में दिखाई देंगी।

इसी के साथ ही मेकर्स ने फिल्म के दो गाने गुजारा और अकेली लैला रिलीज कर दिए हैं। बागी 4 में दर्शकों को जबरदस्त एक्शन और धमाकेदार ड्रामा देखने को मिलेगा। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। पहली बार संजय दत्त और टाइगर श्रॉफ को बड़े पर्दे पर साथ देखा जाएगा।



# अंकिता लोखंडे को ट्रेडिशनल लुक में देख फैंस को याद आई मधुबाला

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री अंकिता लोखंडे सिर्फ अपनी एक्टिंग के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। अंकिता ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इसके बाद फैंस ने उनकी तुलना गुजरे जमाने की मशहूर अदाकारा मधुबाला से कर डाली। टीवी सीरियल पवित्र रिश्ता फेम अंकिता लोखंडे ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। वह सी-ग्रीन कलर की साड़ी के साथ के साथ मैचिंग ब्लाउज कैरी किया है। अपने लुक को और आकर्षक बनाने के लिए उन्होंने राउंड इयररिंग्स, नेकलेस, मल्टीकलर की चूड़ी और मांग में सिंदूर लगाया हुआ है।

पोस्ट में अभिनेत्री का स्टाइलिश लुक और दिलकश अदाएं फैंस को काफी लुभा रही हैं। अंकिता लोखंडे कभी चेयर पर बैठकर तो कभी दीवार से सटकर हैंडबैग के साथ कैमरे के सामने पोज देती नजर आईं। अंकिता ने कैप्शन में लिखा, वह समय से परे है। वह अपने पूर्वजों की गूंज, माताओं की दुआ और आने वाली बेटियों का वादा है।

अभिनेत्री का यह पोस्ट फैंस के दिल को भा गया है। वे उन्हें क्वीन, गॉर्जियस, और अप्सरा जैसे शब्दों से उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे।

एक यूजर ने लिखा, मधुबाला तो दूसरे ने लिखा, सिर्फ बिंदी नहीं, आपका खूबसूरत चेहरा और यह साड़ी, इतनी प्यारी लग रही है, क्या ही बोलूं। एक और यूजर ने लिखा, आप साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। एक ने लिखा, आप कितनी सुंदर लग रही हो। अंकिता लोखंडे ने टीवी सीरियल पवित्र रिश्ता में अर्चना मनोहर देशमुख नाम का किरदार निभाया था और उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई थी। उनके साथ मुख्य भूमिका में सुशांत सिंह राजपूत थे। छोटे पर्दे के अलावा अंकिता मणिकर्णिका द क्वीन ऑफ झांसी, बागी 3, द लास्ट कॉफी और स्वातंत्र्य वीर सावरकर जैसी फिल्मों में काम चुकी हैं। मणिकर्णिका से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा था। फिल्म में उनके किरदार का नाम झलकारी बाई था। वहीं स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर पर आधारित फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर में उन्होंने यमुना बेई सावरकर के नाम का किरदार निभाया था।



# कोको भी है एक फल, जानिए इससे मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ

**कोको एक फल है, जिससे चॉकलेट बनाई जाती है। यह फल कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है और इसका उपयोग सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। कोको में ऐसे तत्व होते हैं जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा कोको का सेवन दिल की सेहत, मानसिक स्वास्थ्य और त्वचा की देखभाल के लिए भी किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि कोको का सेवन करने से क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं।**

### दिल की सेहत के लिए है लाभदायक

कोको में कुछ खास तत्व होते हैं, जो दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। ये तत्व रक्तचाप को कम करने, रक्त संचार को बेहतर बनाने और दिल को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा कोको का सेवन करने से खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है, जिससे दिल की बीमारी का खतरा घटता है। रोजाना कोको का सेवन करने से दिल संबंधित समस्याओं का जोखिम कम होता है और शरीर स्वस्थ रहता है।

### मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में है सहायक

कोको का सेवन मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद तत्व मस्तिष्क में रक्त संचार को बेहतर बनाते हैं, जिससे मस्तिष्क को अधिक ऑक्सीजन मिलती है और मानसिक थकान दूर होती है। इसके अलावा कोको का सेवन करने से याददाश्त भी बेहतर होती है और मस्तिष्क की कार्यक्षमता में सुधार होता है। नियमित रूप से कोको का सेवन करने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है और मस्तिष्क अधिक सक्रिय रहता है।

### त्वचा की देखभाल के लिए है अच्छा

कोको में मौजूद तत्व त्वचा की देखभाल करने में मदद कर सकते हैं। ये तत्व त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाते हैं, उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करते हैं और त्वचा को नमी प्रदान करते हैं। इसके अलावा कोको में मौजूद तत्व त्वचा की सूजन को कम करते हैं और इसे स्वस्थ बनाए रखते हैं। नियमित रूप से कोको का सेवन करने से त्वचा की चमक बढ़ती है और यह अधिक युवा दिखती है।



### वजन प्रबंधन में है सहायक

वजन प्रबंधन के लिए भी कोको का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद फाइबर पेट भरने का अहसास देता है, जिससे बार-बार भूख नहीं लगती और ज्यादा खाने से बचाव होता है। इसके अलावा कोको शरीर की ऊर्जा को बढ़ाता है, जिससे शरीर चर्बी को तेजी से जलाता है। नियमित रूप से कोको का सेवन करने से वजन नियंत्रित रहता है और मोटापे का खतरा कम होता है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करने में है कारगर

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए भी कोको का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद तत्व शरीर की रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाते हैं, जिससे शरीर संक्रमण से लड़ने में सक्षम होता है। इसके अलावा कोको में मौजूद खनिज भी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देते हैं। नियमित रूप से कोको का सेवन करने से शरीर की रक्षा क्षमता में सुधार होता है और बीमारियों का खतरा कम होता है।

# अटल मानिटरिंग पोर्टल के मापदण्डों के अनुरूप सभी विभाग करें बेहतरीन कार्य : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि अटल मानिटरिंग पोर्टल के मापदण्डों के अनुरूप सभी विभाग बेहतरीन कार्य करें। उन्होंने अटल मानिटरिंग डेश बोर्ड के संबंध में जानकारी ली तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा ग्रामीण के तहत नवनिर्मित मकानों को यथाशीघ्र आबंटित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण देने तथा लाभान्वित करने कहा। आयुष्मान वय वंदन कार्ड के अंतर्गत शेष रह गए लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। खाता विभाजन एवं विवादित नामांतरण के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने शिविर लगाकर आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए घर-घर सर्वे करने की आवश्यकता है, ताकि कोई भी पात्र बालक एवं बालिका आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से वंचित नहीं रहे।

उन्होंने कहा कि आगामी दिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल वितरण योजना कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही ऑनलाईन स्मार्ट क्लास रूम एवं कोचिंग क्लास का शुभारंभ करेंगे तथा ग्राम सुकुलदैहान में स्वर्ण उपज के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही सीटी स्कैन मशीन का शुभारंभ एवं ट्रॉमा सेंटर के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए तथा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति देने में आ रही दिक्कत को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक खातों में सुधार के साथ ही अन्य समस्या का समाधान करें। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत सभी ग्रामों एवं समूहों का विलेज प्रोसपिरिटी रेसिलिएंस प्लान बनाकर ग्राम पंचायतों के विकास के लिए कार्य किया जाना है। जिसके लिए विकासखंड स्तर पर समन्वय समिति का गठन करने के लिए कहा। इसके लिए कार्य प्रारंभ करने से पहले सभी स्टेकहोल्डर्स को जागरूकता एवं प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रामलला दर्शन योजना, स्वामित्व योजना, भू-बंटन के प्रकरणों की स्थिति, जल जीवन मिशन, पीएम स्वनिधि योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पशुपालन एवं मत्स्य पालन में केसीसी का लाभ हितग्राहियों को मिलना चाहिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विलेज प्रोसपिरिटी रेसिलिएंस प्लान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए आयोजित बैठकों में सरपंच, महिला पंच, ग्राम संगठन पदाधिकारी, वीपीआरपी, सीआरपी, एएनएम, आशा वर्कर, स्कूल शिक्षक, ग्राम पंचायत के सम्मानित व्यक्ति, तकनीकी विशेषज्ञ प्रतिभागी होंगे।

सभी को इसके लिए जागरूकता हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम पंचायत विकास योजना जीपीडीपी के लिए स्वसहायता समूह के सक्रिय सदस्यों का समावेशीकरण किया जाएगा। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बरसात के बाद तत्काल शुरू होंगे सड़क मरम्मत के काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सड़क मरम्मत एवं सुधार की कार्य-योजना तैयार रखने को कहा है। ताकि बरसात के बाद तत्काल इस पर काम किया जा सके। उन्होंने जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए तेजी से काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में बताया कि यूरिया की बड़ी खेप जिले में जल्द पहुंचने वाली है। उन्होंने मुनाफाखोरी करने वाले निजी खाद दुकानों पर छापामार कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर आज मंथन सभा कक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक में अधिकारियों की बैठक लेकर इस आशय के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार बिलासपुर जिले में भी वेटलैण्ड का सर्वे किया जाना है। बताया गया कि जिले में 825 वेटलैण्ड चिन्हांकित किये गये हैं। उन्होंने राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को इसके लिए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आदि कर्मयोगी मिशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गांवों के उत्साही युवाओं को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। ऐसे युवा विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़कर इसका लाभ दिलाने में प्रशासन को मदद करेंगे। गौरतलब है कि जिले में 102 गांव आदि कर्मयोगी मिशन योजना में शामिल हैं। शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में जनभागीदारी सुनिश्चित करना इस योजना का प्रमुख ध्येय है। कलेक्टर ने बैठक में पीएम जनमन योजना की विशेष समीक्षा की और संतृप्ति लेवल हासिल करने के लिए बचे हुए काम जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने रजत महोत्सव की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को छत्तीसगढ़ के 25 साल की उपलब्धियों की जानकारी जिला पंचायत में जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संख्यात्मक जानकारी के साथ सेवा की गुणवत्ता में आये बदलाव की जानकारी भी शामिल किया जाये। कलेक्टर ने भरूच स्थित निजी क्षेत्र की टायर कम्पनी योकोहामा में मशीन ऑपरेटरिंग नौकरी के लिए चयनित 136 बच्चियों के साहस की सराहना की। उन्होंने बच्चियों के पालकों की बैठक आयोजित कर उनकी सहमति एवं विश्वास हासिल करने के निर्देश दिए हैं।

# मनरेगा में पारदर्शिता की नई पहलः क्यूआर कोड से एक क्लिक में मिलेगी पारदर्शी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने रायगढ़ जिले में डिजिटल युग में कदम रखते हुए ग्रामीण विकास में एक नया अध्याय जोड़ा है। केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल से शुरू हुई क्यूआर कोड आधारित इस अभिनव प्रणाली ने मनरेगा कार्यों को पारदर्शी और ग्रामीणों के लिए सुलभ बना दिया है। अब एक साधारण स्कैन के जरिए ग्रामीण पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत सभी व्यक्तिगत और सामुदायिक कार्यों की विस्तृत जानकारी, जैसे कार्य का विवरण, व्यय और प्रगति, तुरंत प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल न केवल प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीणों को अपने गांव के विकास की निगरानी का अधिकार प्रदान करेगी और कार्य में पारदर्शिता आएगी।

पहले, मनरेगा योजनाओं की जानकारी प्राप्त करना ग्रामीणों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। पंचायत कार्यालयों या ब्लॉक स्तर के दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते थे, और कई बार जानकारी अधूरी या अस्पष्ट मिलती थी। ग्रामीण पूरी तरह से प्रशासनिक अधिकारियों पर निर्भर रहते थे, जिसके कारण अनियमितताओं की शिकायतें आम थीं। जानकारी का अभाव और तकनीकी संसाधनों की कमी ने ग्रामीणों को अपनी योजनाओं की प्रगति पर नजर रखने से वंचित रखा। हालांकि, कुछ जागरूक ग्रामीण या सामाजिक कार्यकर्ता ग्राम सभाओं और नोटिस बोर्ड के माध्यम से सीमित जानकारी प्राप्त कर पाते थे, लेकिन यह प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली थी।




अब क्यूआर कोड की शुरुआत ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। सितंबर माह से जिले के सात ब्लॉकों—रायगढ़, खरसिया, पुसौर, घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार और धरमजयगढ़ के सभी 549 पंचायतों में क्यूआर कोड को पंचायत भवनों में चस्पा किया जा रहा है। इन कोड्स को स्मार्टफोन से स्कैन करके कोई भी व्यक्ति मनरेगा के तहत हुए कार्यों, उनके बजट और प्रगति की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेगा। यह सुविधा ग्रामीणों को समय और श्रम की बचत के साथ-साथ सूचना के अधिकार को सशक्त बनाएगी। जिला पंचायत सीईओ के अनुसार, यह पहल केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया और राज्य सरकार की पारदर्शिता नीतियों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना है। इस डिजिटल परिवर्तन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह ग्रामीणों को सशक्त बनाएगा। अब वे स्वयं अपने गांव के कार्यों की निगरानी कर सकेंगे और किसी भी अनियमितता की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज करा सकेंगे। उदाहरण के लिए, यदि कोई कुआं निर्माण या सड़क विकास कार्य में गड़बड़ी हो, तो क्यूआर कोड से प्राप्त जानकारी के आधार पर ग्रामीण कार्रवाई कर सकेंगे। इसके अलावा, यह पहल डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देगी, क्योंकि ग्रामीणों को स्मार्टफोन और क्यूआर कोड स्कैनिंग जैसी तकनीकों से परिचित होने का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस तकनीक का उपयोग कर सकें। ग्रामीणों में इस पहल को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

खरसिया ब्लॉक के एक ग्रामीण ने कहा, पहले हमें कार्यों की जानकारी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था, लेकिन अब क्यूआर कोड से सब कुछ एक क्लिक में मिलेगा। यह हमारे लिए बहुत बड़ी सुविधा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मॉडल न केवल रायगढ़, बल्कि अन्य जिलों के लिए भी एक नजीर बनेगा। रायगढ़ में मनरेगा का यह डिजिटल रूपांतरण ग्रामीणों को सूचना का लोकतंत्रीकरण प्रदान करेगा। यह न केवल योजनाओं में पारदर्शिता लाएगा, बल्कि ग्रामीणों को अपने विकास का हिस्सेदार बनाकर सामुदायिक निगरानी को बढ़ावा देगा।

# लंबित प्रकरणों को नियत समय के भीतर करें निराकृत : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर बी.एस. उईके ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी नियमित समय पर कार्यालयों में उपस्थित रहे। अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि समय पर कार्यालय में उपस्थित न होना। शासकीय सेवा आचरण के विरूद्ध है। शासकीय सेवा में इस तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समय-सीमा में दर्ज, जनदर्शन, जनचौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल, लोक संवाद, सीपी ग्राम सहित उच्च कार्यालयों के लंबित प्रकरणों को नियत समय के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन आवास, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी सहित अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा पीएम जनमन के तहत जितने भी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत कार्य है। उन कार्यो को समय पर पूरा करें। शासकीय कार्यो की समीक्षा तथा मॉनिटरिंग राज्य एवं केन्द्र स्तर के अधिकारियों द्वारा लगातार की जाती है। इसी के आधार पर जिले के रैकिंग तय की जाती है।



कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का वृहद आयोजन किया जा रहा है। संबंधित विभाग को जो जिम्मेदारी दी गई है। उसका भलिभांति निर्वहन करे। कलेक्टर श्री उइके ने खरीफसीजन में जिले में चल रहे खेती-किसानी की भी जानकारी ली। उन्होंने वर्षा की सहित समितियों में खाद के भण्डारण एवं वितरण की भी जानकारी ली।

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का शुभारंभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय अंचलों में सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने निजी होटल में डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब का शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना और विभिन्न विभागों की प्रत्येक योजना से गांव के अंतिम व्यक्ति को जोडना है। इसके लिए शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, आदि कर्मयोगी, व्यावसायिक कार्यकर्ता सहित अन्य सहयोगी, अशासकीय संस्था, स्वसहायता समूह, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्रामीण युवा साथी बनकर गांव के अंतिम व्यक्ति तक एक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। उन्होंने सभी से आदि कर्मयोगी अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की। आदि कर्मयोगी अभियान के जिला प्रभारी सुशील कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर 20 लाख आदि कर्मयोगी भारत में तैयार किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में 1 लाख 33 हजार आदि कर्मयोगी तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कर्तव्यनिष्ठ और उत्तरदायी शासन स्थापित करने कहा।

# कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अभिनव एवं शिष्ट परपंरा की शुरूआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में अभिनव एवं शिष्ट परपंरा की शुरूआत करते हुए आज 02 सितंबर को अपना जन्मदिन जिले के डौण्डी विकासखण्ड के आदिवासी बहुल ग्राम मंगलतराई के स्कूली बच्चों के साथ मनाया। कलेक्टर मिश्रा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को न्योता भोज भी दिया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के साथ शासकीय प्राथमिक शाला मंगलतराई में जमीन में बैठकर न्योता भोज ग्रहण किया।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने स्कूली बच्चों के लिए स्वयं प्लेट लगाकर उन्हें भोजन भी परोसा। कलेक्टर श्रीमती



दिव्या उमेश मिश्रा के जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामीणों ने केक काटकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने विद्यार्थियों को स्कूल बैग, टॉफी प्रदान कर अपना अपार आत्मीय दुलार एवं स्नेह प्रदान किया। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने स्कूली विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई के संबंध में समझाईश भी दी।

उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अच्छी शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने बच्चों को पूरे मनोयोग तथा निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ पढ़ाई-लिखाई कर जीवन में उपलब्धि हासिल कर अपने संस्थान, माता-पिता एवं परिवार का नाम रोशन करने को कहा। जिला प्रशासन के मुखिया द्वारा वनांचल के आदिवासी बहुल ग्राम में पहुँचकर स्कूली बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाने की अभिनव एवं शिष्ट परंपरा की शुरूआत की सभी वर्ग के लोगों ने भूरी-भूरी सराहना की।

इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा सहित एसडीएम डौण्डी सुरेश साहू, एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल, एसडीएम गुण्डरदेही श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर एवं जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, सरपंच श्रीमती चंद्रिका सोरी के अलावा जिला स्तरीय अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिका एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर मिश्रा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों, ग्रामीणों एवं अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पूरा उत्साह एवं आत्मीयता के साथ जन्मदिन मनाने के लिए सभी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विनम्र आभार व्यक्त किया।

इस दौरान मौके पर उपस्थित कक्षा 7वीं की विद्यार्थी कुमारी हिना के परिजनों द्वारा छात्रा के किडनी संबंधी बीमारी के इलाज हेतु मदद के लिए आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तलब कर बच्ची की इलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# आदि कर्मयोगी अभियान : तीन दिवसी प्रक्रिया कार्यशाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दंतेवाड़ा।** जिला दंतेवाड़ा में ''आदि कर्मयोगी अभियान'' के तहत कुणाल दुदावत, जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं राजीव नाग सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग के निर्देशन में दिनांक 01 सितम्बर 2025 से तीन दिवसीय ''प्रोसेस लैब'' कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत संसाधन केंद्र मान्झिपदर में किया गया। आज प्रोसेस लैब का द्वितीय दिवस है। यह अभियान भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आदिवासी अंचलों में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों को संवेदनशील, प्रभावी और सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

जिसका उद्देश्य सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों के भीतर कर्तव्यनिष्ठा, आत्मचिंतन, संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना को विकसित करना है। आज आरंभ हुई प्रोसेस लैब कार्यशाला को संबोधन ट्राईफेड, नई दिल्ली के असिस्टेंट मैनेजर वी. के. तिवारी ने जनजातीय समुदाय की सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में भागीदारी की अहम भूमिका पर विस्तार से व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी ही वे कड़ी हैं।

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

## खास खबर

### दहेज प्रताड़ना से नवविवाहिता की मौत, पति पर अपराध दर्ज

**रायपुर।** राजधानी के थाना सरस्वती नगर क्षेत्र के कोटा कॉलोनी में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। शादी के महज तीन महीने बाद ही एक नवविवाहिता महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पति उसे लगातार दहेज में मोटरसाइकिल की मांग को लेकर प्रताड़ित करता था। यही नहीं, शारीरिक शोषण और अमानवीय व्यवहार की भी पुष्टि हुई है। पुलिस ने मामले में पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और दुष्कर्म जैसी धाराओं में अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मामला 23 अगस्त की रात 10 बजे से 24 अगस्त की सुबह 4 बजे के बीच का है। मृतका सरस्वती निर्मलकर (30 वर्ष) पति देवानंद निर्मलकर निवासी कोटा कॉलोनी ने अपने किराए के कमरे में चुनरी से पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों और पड़ोसियों को घटना का पता चला तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने बताया कि नवविवाहिता की मौत को देखते हुए पंचनामा कार्रवाई दंडाधिकारी और सीन ऑफ क्राइम यूनिट रायपुर की मौजूदगी में की गई। शव का पोस्टमार्टम एम्स रायपुर में कराया गया, जिसमें मौत का कारण हैंगिंग (फांसी) ही बताया गया।

जांच में जो तथ्य सामने आए, उसने घटना की गंभीरता को और बढ़ा दिया। पुलिस के मुताबिक, पति देवानंद निर्मलकर शादी के बाद से ही दहेज में मोटरसाइकिल न मिलने पर सरस्वती को लगातार प्रताड़ित करता था। शादी में मृतका के परिजनों ने अपनी हैसियत के मुताबिक घरेलू सामान दिया था, लेकिन पति की नजर बाइक पर थी। यही नहीं, मासिक धर्म के दौरान भी पति ने सरस्वती पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला। यह बात भी मर्ग जांच में उजागर हुई। इससे साफहै कि मृतका शारीरिक और मानसिक दोनों स्तर पर लगातार यातना झेल रही थी।

### आबकारी विभाग की कार्रवाई, 28 किलो गांजा जब्त

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार को हुई इस संयुक्त रेड में टीम ने 28 किलोग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई में टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार आरोपी बिहार के निवासी गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनीश कुमार शाह (19 वर्ष) और आयुष कुमार सिंह (20 वर्ष) के रूप में हुई है। अनीश कुमार शाह, पिता राजेश शाह, ग्राम तरैया, शिव मंदिर के पास, थाना तरैया, जिला छपरा (बिहार) का निवासी है। वहीं, आयुष कुमार सिंह, पिता मनोज सिंह, ग्राम बुधसी, पोस्ट ऑफिस सिदवालिया, थाना महमदपुर, जिला गोपालगंज (बिहार) का निवासी है। दोनों आरोपी लंबे समय से गांजा तस्करी के धंधे में शामिल बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि वे गांजा को बिहार ले जाने की तैयारी में थे, ताकि वहां इसे ऊंचे दामों पर बेचा जा सके। आरपीएफ और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम को पहले से ही सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के माध्यम से गांजे की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना की पुष्टि होते ही टीम ने रणनीति बनाई और आरोपियों पर निगरानी रखी। जैसे ही दोनों युवक संदिग्ध सामान के साथ स्टेशन पर पहुंचे, उन्हें रोककर पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 28 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

# धमतरी में नशेड़ी युवक ने की अपनी नानी की हत्या, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**धमतरी।** शहर के बठेना वार्ड से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां रहने वाले गोलू ध्रुव नामक युवक ने नशे की लत के चलते अपनी ही बुजुर्ग नानी की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, आरोपी गोलू ध्रुव लंबे समय से नशे का आदी है और अक्सर पैसों की मांग को लेकर घर में विवाद करता था। घटना मंगलवार देर रात की है, जब उसने नशे के लिए पैसे मांगे और नानी द्वारा इंकार करने पर उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार गोलू ध्रुव अपनी नानी से नशे के लिए पैसे मांग रहा था। नानी ने पैसे देने से साफ इंकार कर दिया। इस पर गुस्साए गोलू ने घर में रखी भारी चीज उठाकर नानी के सिर पर जोरदार वार कर दिया। अचानक हुए हमले में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर हरकत में आई पुलिस घटना की जानकारी पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। वहीं, आरोपी गोलू ध्रुव को रात में ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी युवक लंबे समय से नशे का आदी था और अक्सर नानी से पैसों की मांग करता था। नशे की लत इतनी गहरी हो चुकी थी कि वह पैसे न मिलने पर हिंसक हो उठता था। मोहल्ले के लोगों ने भी बताया कि गोलू का व्यवहार नशे की वजह से असामान्य हो गया था। पुलिस की सख्ती की मांग स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में लगातार नशे की वजह से अपराध बढ़ रहे हैं। खासकर धमतरी जैसे छोटे शहरों में युवाओं में नशे की लत गहराती जा रही है। बठेना वार्ड की इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। मोहल्लेवासियों ने मांग की है कि पुलिस नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और ऐसे अपराधियों पर सख्त सजा दिलाए।

पुलिस ने बताया कि मृतका का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं आरोपी से पूछताछ में यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह नशा कहां से लाता था और इसमें कौन-कौन शामिल हो सकता है।

## नवविवाहिता की आत्महत्या : पति का था दूसरी महिला से अफेयर, प्रताड़ना से तंग आकर की खुदकुशी

श्रीकंचनपथ न्यूज






**भिलाई।** दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में नवविवाहित की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति, सास-ससुर सहित एक अन्य महिला को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि पति का अन्य महिला से अफेयर था और ससुराल में नवविवाहिता को प्रताड़ित किया जा रहा था। प्रताड़ना से तंग आकर नव विवाहिता ने फांसी लगा ली।

बता दें 28 अगस्त 2025 को गेंदी डबरी वार्ड 13 दुर्ग निवासी आमेश्वर सिंह ने बताया कि उसकी बहू प्रीति सिंह पति मुकेश सिंह (27) ने फंसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर थाना मोहन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। चुंकि मृतका की हाल ही में शादी हुई थी तो मामला संदिग्ध लगा और इस आधार पर थाना प्रभारी थाना मोहन नगर द्वारा वरिष्ठ अधिकारीयों के मार्गदर्शन पर विशेष टीम गठीत कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान मृतका के मोबाइल से पुलिस को क्लू मिला। दरअसल मृतका के मोबाइल पर धमकी भरा ऑडियो मिला। इसके आधार पर पुलिस ने पति मुकेश कुमार सिंह, ससुर अमेश्वर सिंह, सास गिरिजा देवी एवं योगिता दुबे उर्फरीता को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जांच में पाया कि पति मुकेश कुमार सिंह, ससुर अमेश्वर सिंह, सास गिरिजा देवी एवं योगिता दुबे द्वारा लगातार प्रताड़ना से तंग आकर प्रीति सिंह द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108, 3(5) के तहत कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी में मुकेश कुमार सिंह निवासी गेंदी डबरी वार्ड 13 मोहन नगर दुर्ग जिला दुर्ग। अमेश्वर सिंह निवासी गेंदी डबरी वार्ड 13 मोहन नगर दुर्ग। गिरिजा देवी निवासी गेंदी डबरी वार्ड 13 मोहन नगर दुर्ग जिला दुर्ग। योगिता दुबे निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई जिला-दुर्ग शामिल है।

## तीन युवकों के बीच विवाद, जान से मारने की दी धमकी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हैं, इसका अंदाजा इस घटना से लगाया जा सकता है। सोमवार को एक मजदूर पर उस समय हमला हो गया जब वह काम से लौटकर घर जा रहा था। तीन अज्ञात युवकों ने सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी से पहुंचकर उसे बीच सड़क पर रोक लिया और बेवजह गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मजदूर पर हाथ, थप्पड़ और मुक्कों से हमला कर दिया। साथ ही किसी भारी वस्तु से भी वार किया, जिससे उसके सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं।

पीड़ित मजदूर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 01 सितंबर की रात उरला शराब भट्टी से अपने घर लौट रहा था। जब वह सिंघानिया चौक के पास पहुंचा तभी अचानक सफेद रंग की एक्टिवा पर सवार तीन अज्ञात युवक आए। बिना किसी कारण के उन्होंने मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां दीं और धमकी दी कि विरोध किया तो जान से खत्म कर देंगे। जब मजदूर ने इसका विरोध किया तो तीनों युवकों ने मिलकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। आसपास मौजूद लोगों ने घटना को होते देखा और शोर भी सुना, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। हमले में मजदूर को सिर और पैर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद वह किसी तरह थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी जानकारी दी। साथ ही उसने अपने बेटे को भी फोन पर घटना के बारे में बताया। पुलिस ने तुरंत मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा और रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में साफ कहा है कि घटना उसके बताए अनुसार लिखी गई है और वह आरोपियों पर सख्त कार्रवाई चाहता है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। तेलीबांधा थाना और आसपास के थानों में सूचना दी गई है कि सफेद एक्टिवा पर तीन संदिग्ध युवकों को देखा जाए तो तुरंत पकड़ें। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान हो सके।

## भिलाई में हथियार रखकर लोगों को डराया, तीन बदमाश हुए गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** भिलाई नगर पुलिस ने सोमवार को सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। मामला देशी शराब भट्टी, सिविक सेंटर क्षेत्र का है। आरोपी की पहचान विक्रम उर्फ विक्की, निवासी उड़िया के रूप में हुई है। वहीं, नेवई थाना पुलिस ने मंगलवार को सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

जानकारी के मुताबिक 2 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि सिविक सेंटर स्थित शराब भट्टी के पास एक युवक खुलेआम चाकू लहराकर दहशत फैला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्रम उर्फ विक्की बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक स्टील का धारदार चाकू बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का यह कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 463/2025 दर्ज किया गया है। मामले में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि नेवई बैकुंठ धाम के पास स्थित नर्सरी के पास एक युवक खुलेआम धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम केवल दास मानिकपुरी उर्फ भोला निवासी स्टेशन मरोदा, बीआरपी कॉलोनी मौसमी किराना स्टोर के पास बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से धारदार लोहे का चापड़ जब्त किया।

## साइबर अपराधियों को बैंक खाता उपलब्ध करवा रहे थे, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पुलिस ने साइबर अपराधियों को बैंक खाता उपलब्ध कराने के आरोप में दो लोगों को सक्ती जिले से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से लोन दिलाने के बहाने जरूरतमंदों से बैंक खाते खुलवाकर उन खातों का साइबर अपराधों में उपयोग करते थे। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह में पांच अन्य सदस्यों की संलिप्तता है जो फर्जी सिम कार्ड और अकाउंट खुलवाते थे, जिनकी तलाश की जा रही है।

भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय पोर्टल के माध्यम से म्यूल खाताधारकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए उप पुलिस अधीक्षक साइबर सेल रायगढ़ को शिकायत मिली थी। डीएसपी साइबर अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन पर कोतवाली थाना में की गई जांच में रायगढ़ के विभिन्न बैंक खातों में साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त 69 लाख 18 हजार 979 रुपये जमा होना पाया गया। इन रकम को अलग-अलग राज्यों-उत्तर प्रदेश, दिल्ली, केरल, कर्नाटका और महाराष्ट्र में भेजे गये थे, इन खातों में गये 5 लाख 22 हजार 798 रूपयों को होल्ड कराया गया है। धोखाधड़ी को लेकर कल थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य पैसों की तंगी वाले लोगों को माइक्रोफाइनेंस कंपनियों में टारगेट करते थे और उन्हें मामूली रकम देकर बैंक खाते खुलवाने, खाता किट और सिम कार्ड अपने पास रखने के लिए राजी कर लेते थे।

## 50 लाख के 230 खोए मोबाइल लौटाए

**कबीरधाम।** कबीरधाम पुलिस की साइबर सेल को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। साइबर सेल ने गुम हुए 230 मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत लगभग 50 लाख रुपए को खोजकर उनके असली मालिकों को लौटाया। फोन वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल गए। कबीरधाम एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि कबीरधाम पुलिस हर नागरिक की मुस्कान को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानती है। यह केवल गुम हुआ मोबाइल लौटाने का कार्य नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को मजबूत करने का प्रयास है।


### कार्यालय जिला पंचायत दुर्ग

कमांक/470/ -: **निविदा आमंत्रण** :- दिनांक 28/0 8/2025

जनपद पंचायत दुर्ग परिसर में स्थित बिहान केन्टीन (गढ़कलेवा) का वित्तीय वर्ष 2025-26 के संचालन हेतु दुर्ग जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत गठित इच्छुक स्व-सहायता समूहों / ग्राम संगठनों / कलस्टर लेवल फेडरेशन को बिहान केन्टीन में केटरर्स कार्य करने हेतु वर्ष 2025-26 के लिये निविदा दिनांक 11/09/2025 दोपहर 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02/09/2025 दोपहर 1:00 बजे से प्राप्त किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त करे अथवा बेवसाइट (http/www.durg.gov.in) देखें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत, दुर्ग

सं.- 45118/1


## रायगढ़ में अवैध कबाड़ पर कार्रवाई, ट्रक और माजदा से 14 लाख का माल जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन और डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मार्गदर्शन पर पूंजीपथरा थाना पुलिस ने अवैध कबाड़ परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कल सुबह दो 12 चक्का ट्रक और दो माजदा वाहन से भारी मात्रा में लोहे का स्क्रेप जप्त किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में सालासर चौक गेरवानी और सामारूमा मंदिर के पास सड़क पर घेराबंदी कर यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए वाहनों में करीब 49.44 टन लोहे का स्क्रैप भरा हुआ था, जिसकी अनुमानित कीमत 13 लाख 76 हजार रुपए आंकी गई है।

वाहन जांच के दौरान चालकों के पास परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पूंजीपथरा पुलिस ने चारों वाहन चालकों पर इस्तगासा क्रमांक 13/2025, 14/2025, 15/2025 और 16/2025 दर्ज कर भादंवि की धारा 35(क)(ड) बीएनएसएस/303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की। जप्त वाहनों में (1) 6 चक्का माजदा सीजी 13 एजे 0821 के चालक अनुज कुमार, निवासी गया बिहार, 7 टन स्क्रैप (कीमत 2,10,000 रुपए) (2) 6 चक्का माजदा सीजी 07 सीएल 8198 से चालक मनोज कुमार कुर्रे, निवासी सारंगढ़-बिलाईगढ़, 9 टन स्क्रैप (कीमत 2,70,000 रुपए) (3) 12 चक्का ट्रक ओडिशा क्रमांक ओडी 16 के 7306 के चालक मोहम्मद बादशाह, निवासी झारसुगुड़ा, 20 टन स्क्रैप (कीमत 5,60,000 रुपए)(4) 12 चक्का ट्रक सीजी 15 एसी 1490 के चालक दिपु कुमार, निवासी औरंगाबाद बिहार से 13.44 टन स्क्रैप (कीमत 3,36,000 रुपए) जब्त किया गया। पूरे अभियान में थाना प्रभारी राकेश मिश्रा के साथ निरीक्षक विजय कुमार एक्का, प्रधान आरक्षक नंद साय कंवर, विनीत तिर्की, जगीत राठिया आरक्षक अभिषेक द्विवेदी, आदिकंद प्रधान सक्रिय रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध कबाड़ परिवहन करने वाले गिरोहों में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार आरोपी अनुज कुमार पिता राजेन्द्र पासवान उम्र 21 वर्ष सा0 पथरा थाना डूमरिया, जिला गया बिहार, मनोज कुमार कुर्रे पिता सहनी राम कुरे उम्र 38 वर्ष सा0 जोगेवरा थाना सरसिवा जिला सारंगढ बिलाईगढ, मोहम्मद बादशाह पिता मो0 जहूत उम्र 40 वर्ष सा0 बृजराजनगर थाना बृजराजनगर जिला झारसुगुड़ा उडिसा, दिपु कुमार पिता दुधेश्वर मेहत्ता उम्र 25 वर्ष सा0 रिसियप थाना रिसियप जिला औरंगाबाद बिहार शामिल हैं।


### // निविदा आमंत्रण सूचना //

दुर्ग जिला अंतर्गत जिला/क्षेत्रीय / राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किराया भण्डार सामग्री एवं लाइट व ध्वनि विस्तार यंत्र किराया से लेने हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निविदा की शर्ते एवं अन्य विवरण की जानकारी इस कार्यालय के कीड़ा कक्ष से कार्यालयीन समय में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

निविदा हेतु अधिकृत फर्म ही निविदा प्रस्तुत कर सकते है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:- 12.09.2025 दोपहर 03:00 बजे तक।

निविदा खोलने की तिथि :- 15.09.2025 दोपहर 12:00 बजे से ।

जिला शिक्षा अधिकारी
दुर्ग

जी - 252603201/3














देश का पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर 'विक्रम' लॉन्च, सीएम साय बोले-

# मेड इन इंडिया चिप्स, स्वर्णिम भारत की नई पहचान

श्रीकंचनपथ न्यूज






**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के अनुरूप आज भारत ने तकनीक के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा है। Semicon India 2025 सम्मेलन में देश का पहला स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर 'विक्रम' लॉन्च किया गया है। यह उपलब्धि भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता और नवाचार क्षमता का सशक्त प्रमाण है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'विक्रम' प्रोसेसर का निर्माण पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। यह प्रोसेसर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के स्पेस लॉन्च व्हीकल्स के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इससे न केवल भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी को मजबूती मिलेगी, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत अपनी तकनीकी श्रेष्ठता का परिचय देगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति और निर्णायक नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में भारत ने अर्धचालक निर्माण (Semiconductor Manufacturing) के क्षेत्र में जिस तीव्रता से प्रगति की है, वह विकसित भारत की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह उपलब्धि भारत की युवा इंजीनियरिंग प्रतिभा और वैज्ञानिक समुदाय की मेहनत का भी परिणाम है। आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के अनुरूप स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर का निर्माण यह संदेश देता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं बल्कि निर्माता और वैश्विक तकनीकी नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को यह सफलता और अधिक गति प्रदान करेगी। स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर न केवल अंतरिक्ष अनुसंधान बल्कि रक्षा, संचार और अन्य उच्च तकनीकी क्षेत्रों में भी उपयोगी सिद्ध होगा। यह भारत को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव जी को हार्दिक बधाई और अभिनंदन दिया। उन्होंने कहा कि यह सफलता स्वर्णिम भारत की नई पहचान है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

रियूमेटिक हार्ट डिजीज से पीड़ित है 11 वर्षीय बच्ची

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दिया संपूर्ण इलाज का भरोसा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** बीजापुर जिले भोपालपटनम ब्लॉक के वरदली गांव की 7वीं कक्षा में पढ़ने वाली 11 वर्षीय शांभवी गुरला की मासूम आंखों में एक ही सवाल था— पापा, मुझे क्या हुआ है, मैं ठीक हो जाऊंगी ना? खेती-किसानी कर परिवार का गुजारा करने वाले उसके पिता इस सवाल पर अक्सर चुप हो जाते थे।

तीन महीने पहले जिला अस्पताल बीजापुर में जब डॉक्टरों ने बताया कि शांभवी को रियूमेटिक हार्ट डिजीज है, तो पिता के पांव तले जमीन खिसक गई। डॉक्टरों ने रायपुर में इलाज कराने की बात कही, लेकिन परिवार को लगा कि रायपुर में इलाज में तो बहुत ज्यादा खर्च लगता होगा, ये सोच कर परिवार की उम्मीदें टूटने लगीं।

घर में हर रोज यही चर्चा होती—अब क्या होगा? हम अपनी बेटी का इलाज कैसे कराएंगे? मां रोती और शांभवी को सीने से लगाकर कहती—बेटा, सब ठीक होगा। लेकिन उसके पिता की आंखों में चिंता साफ झलकती थी। आखिरकार उन्होंने हिम्मत जुटाई और बेटी को लेकर सीधे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के पास पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री ने बच्ची से मुलाकात की और तुरंत ही रायपुर के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में डॉ. स्मित श्रीवास्तव से बात की। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज तुरंत शुरू किया जाए। खर्च की चिंता मत करें, सरकार पूरी जिम्मेदारी लेगी।

स्वास्थ्य मंत्री की यह बात सुनते ही शांभवी की मां की आंखों से आंसू बह निकले। उन्होंने कांपती आवाज़ में कहा— मंत्री जी, आप हमारी बेटी को नया जीवन दे रहे हैं। आप हमारे लिए किसी डाक्टर से कम नहीं। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर शांभवी को इलाज के लिए एसीआई रायपुर में लाया गया है।

यहां डॉक्टरों की टीम उसकी जांच करेगी और उसका इलाज शुरू करेगी। गौरतलब है कि सरकार का यह कदम सिर्फ एक बच्ची के लिए नहीं, बल्कि राज्य के हर एक गरीब परिवार के लिए भरोसे का संदेश है। अब माता पिता के चेहरे पर खुशी के भाव देखकर आज शांभवी भी मुस्कुरा रही है और पिता से बार-बार पूछती है— पापा, मैं जल्दी खेल पाऊंगी ना? और इस बार पिता की आंखों में आंसू नहीं, बल्कि उम्मीद की चमक है।

उद्योग मंत्री देवांगन ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, बोले-

# प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क को दो माह में करें पूरा

## रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं द्वारा अपेक्षित प्रगति न होने पर मंत्री ने जतायी नाराजगी, बॉयलर के नियमित व सघन निरीक्षण के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज दोपहर मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के विभागीय काम-काज की समीक्षा की। मंत्री देवांगन ने सीएसआईडीसी के अंतर्गत औद्योगिक पार्कों की स्थापना जानकारी लेते हुए रायपुर के उरला में 39 करोड़ रूपए की लागत से बन रहे प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क निर्माण की जानकारी लेते हुए इसे 30 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



बैठक में उन्होंने प्रदेश में चार नए स्मार्ट इंडस्ट्रीयल एरिया का कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इनमें जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम सीलादेही बिर्रा, गतवा राजनांदगांव जिले के ग्राम बीजेतला नवा रायपुर में प्रस्तावित फर्मास्युटिकल पार्क एवं बस्तर जिले के ग्राम नियानार शामिल है। मंत्री श्री देवांगन ने रजिस्ट्रार एवं फर्म संस्थाएं के कार्यों के समीक्षा करते हुए विभाग से जुड़ी शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी कार्यों को समयसीमा के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने पैसों के लेनदेन की शिकायते आने पर निलंबन की कारवाई की सख्त हिदायत दी ।

उन्होंने 92 निवेश पत्र जारी किए गए नए उद्योगों के काम शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में उद्योग विभाग के संचालक प्रभात मलिक, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार, उद्योग विभाग के उप सचिव रेना जमीन, ओएसडी कमलेश नंदनी साहू, रजिस्ट्रार फर्म एवं संस्थाएं की पंजीयक पदमनी भोई साहू, उद्योग विभाग के अपर संचालक आलोक त्रिवेदी प्रवीण शुक्ला एवं संतोष भगत सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए मैदानी अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री देवांगन ने कहा कि निवेशकों के लिए छत्तीसगढ़ पसंदीदा राज्य बन चुका है। दिल्ली, मुबंई, बैंगलुरू के साथ रायपुर में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा चुका है। इन समिट के माध्यम से अब तक 6 लाख 65 हजार करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव राज्य को मिल चुके है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति से प्रदेश में नया औद्योगिक वातावरण बन रहा है। इससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 लागू होने के पश्चात कम समय में ही प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण हो रहा है। उद्योग विभाग द्वारा सिंगल विन्डो सिस्टम लागू कर सरलीकरण किया गया है। उद्योग मंत्री देवांगन ने बैठक में भू-आबंटन के ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों पत्रों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित समयावधि में उद्योग स्थापित नही करने वाले प्रकरणों में नोटिस के पश्चात भू-निरस्तीकरण की कार्यवाही तथा फ्री-होल्ड के आवेदनों का व्यवसायिक उपयोग नही होने के संबंध में सूक्ष्मापूर्वक परीक्षण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान औद्योगिक विकास नीति के अंतर्गत अनुदान, छूट, रियायतों के प्रकरणों की प्रगति, बकाया, भू-भाटक की वसूली, औद्योगिक पार्कों की स्थापना की प्रगति, औद्योगिक भू-आबंटन की प्रगति, जिलों में भू-आबंटन एवं लंबित संयुक्त स्थल निरीक्षण की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्य, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फार्मलाईजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राईजेस, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना, विभिन्न अनुदान छूट एवं रियारतों की प्रकरणों की समीक्षा, राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड, वाष्प्यंत्र निरीक्षकायल के कार्यों की समीक्षा की।

### कोरबा में एल्युमिनियम पार्क के लिए जल्द जमीन हस्तांतरित प्रक्रिया को पूर्ण करें

उद्योग मंत्री देवांगन ने कोरबा में प्रस्तावित एल्युमिनियम पार्क की स्थापना के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि उत्पादन कम्पनी ने अपने बोर्ड मिटिंग में बंद हो चुके पूर्व विद्युत संयंत्र के जमीन को उद्योग विभाग को हस्तांतरित करने हेतु स्वीकृति मिल चुकी है, मंत्री ने जमीन हेंडओव्हर की प्रक्रिया जल्द पूरा कर एल्युमिनियम पार्क बनाने की दिशा में शीघ्र काम शुरू करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उद्योग मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में औद्योगिक पूंजी निवेश को बढ़ावा देने एवं निवेशकों को आकर्षित करने के लिए हाल ही में जापान एवं दक्षिण कोरिया का दौरा किए है। इससे वैश्विक स्तर पर प्रदेश की औद्योगिक नीति को पहचान मिली है। निवेश हब की और प्रदेश बढ़ रहा है ।

# स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने धमतरी में माँ विंध्यवासिनी मंदिर में की पूजा-अर्चना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव आज धमतरी प्रवास के दौरान प्रसिद्ध माँ विंध्यवासिनी (बिलाई माता) मंदिर पहुँचे और पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्री बनने के बाद उनका यह धमतरी का पहला दौरा रहा।

मंदिर पहुँचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, प्रकाश बैस सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

श्री यादव ने इस अवसर पर माँ विंध्यवासिनी से उन्होंने छत्तीसगढ़ की शांति, प्रगति और जनकल्याण की प्रार्थना की है।

# राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा से अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा से आज अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंटकर सोसायटी के लिए चिन्हांकित भूमि के आवंटन संबंधी प्रस्ताव को शासन से स्वीकृत कराने के लिए चर्चा की। पदाधिकारियों ने इस अवसर पर संस्था की गतिविधि की भी जानकारी दी।



राजस्व मंत्री ने शीघ्र ही आगामी होने वाली बैठक में विचार कर सकारात्मक निर्णय लेने के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधि मंडल में सोसायटी के अध्यक्ष सेवानिवृतत आईएएस दिलीप वासनीकर, उपाध्यक्ष एवं रायपुर कमिश्नर महादेव कावरे सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी के परिणाम सुधार के लिए ठोस प्रयास करें: मंत्री यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के परिणामों में सुधार लाने के लिए अभी से ठोस और प्रभावी प्रयास किए जाएं। इसके लिए स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा पठन-पाठन की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाए। मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि आवश्यकता पड़ने पर शिक्षकों को प्रशिक्षण एवं समुचित सलाह उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी सचिव स्कूल शिक्षा एवं लोक शिक्षण संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने विभागीय संरचना, शासकीय स्कूलों और छात्रों की संख्या, शिक्षकों की स्थिति, शैक्षणिक पद, बजट प्रावधान, अधोसंरचना तथा विद्यार्थियों के लिए संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। मंत्री यादव ने नि:शुल्क गणवेश, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक, शिक्षा का अधिकार अधिनियम और नि:शुल्क सरस्वती साइकिल योजना की जानकारी लेकर इन योजनाओं को सुचारू रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान को भी पूरी गंभीरता से लागू करने पर जोर दिया।

श्री यादव ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधार में सामुदायिक सहयोग बेहद आवश्यक है। इसके लिए स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित किए जाएं, ताकि समाज की भागीदारी से शिक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ हो सके। उन्होंने राज्य में आयोजित रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रस्तावित गतिविधियों पुस्तक वाचन दिवस, बाल पंचायत, एल्युमिनी मीट, शिक्षक दिवस और प्रदर्शनीक के आयोजन की रूपरेखा पर भी अधिकारियों से चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने जिलों से शिक्षकों की संपूर्ण जानकारी, पदस्थापना तथा रिक्त पदों का विवरण संचालनालय को प्रस्तुत करें। इससे स्कूलों की स्थिति में सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाए जा सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में सैनिक स्कूलों और केंद्रीय विद्यालयों की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में लोक शिक्षण संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने और जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता लाने के दिए गए निर्देश

## स्वास्थ्य और शिक्षा सहित जिले के विकास में हो डीएमएफ की राशि का सदुपयोग, दिशा समिति और डीएमएफ के शासी समिति की बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास और जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आज जिला कार्यालय कोंडागांव के सभाकक्ष में संपन्न हुई, जिसमें बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक लता उसेंडी और विभिन्न जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक में डी एम एफ की राशि का समुचित उपयोग जिले के निवासियों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सहित क्षेत्र के विकास कार्य में व्यय पर जोर दिया गया।




वहीं किसानों को उचित मूल्य पर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार सहित जिला पंचायत अध्यक्ष रीता शोरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि जिले में स्कूल आंगनबाड़ी भवन के मरम्मत या नए भवनों के कार्यों को प्राथमिकता दें। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शीघ्र सभी विभागों से प्रस्ताव तैयार करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही आदि कर्म योगी अभियान के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान के तहत राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किया जा रहा है, जो कि तीन माह तक चलेगा। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि डीएफएम की राशि का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें। दुरूपयोग न हो जिले के शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सदुपयोग करें।

कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का समुचित उपयोग के निर्देश दिए। किसानों को नर्सरी विकसित करने हेतु प्रशिक्षण दिलाएं। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा दौरान कहा कि आवास निर्माण में प्रगति लाने जनप्रतिनिधि भी आगे आएं। साथ माओवाद पीड़ित और प्रभावितों के लिए स्वीकृत आवासों को प्राथमिकता से पूर्ण कराएं।

बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि किसानों को खाद उचित मूल्य पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करें। जिले में जल जीवन मिशन के प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता लाएं और गांव के शत प्रतिशत घरों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में कुपोषण को दूर करने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से अभियान चलाने की बात कही गई। स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिले में स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति की जानकारी लेते हुए मलेरिया मुक्त अभियान के लिए जनजागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिले में शिक्षा विभाग के स्कूल भवनों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई और मरम्मत और नए भवन हेतु प्रस्ताव भेजने को कहा गया। साथ आश्रम छात्रावासों में सभी व्यवस्था दुरुस्त करने तथा कन्या छात्रावासों में सीसीटीवी और महिला सुरक्षा गार्ड एवं स्वास्थ्य कर्मी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जनप्रतिनिधि भी आश्रम छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करें।

बैठक में इसके अलावा मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, लखपति दीदी, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, संसद आदर्श ग्राम, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, भारत नेट, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, ग्राम सड़क योजना, केशकाल बायपास सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950